


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल





वर्ष 03 : अंक : 351 | ग्वालियर, बुधवार 03 फरवरी 2021 | pushpanjalitoday@gmail.com | मूल्य : 01, रुपए, पृष्ठ 8


## न्यूज ट्रैक

### पंजाब के जलालाबाद में अकाली दल प्रमुख सुखबीर सिंह बादल की गाड़ी पर हमला, गोलियां चलीं



**चंडीगढ़।** पंजाब के जलालाबाद में मंगलवार को शिरोमणि अकाली दल के प्रमुख सुखबीर सिंह बादल की गाड़ी पर हमला हुआ है। इस हमले के दौरान गोलियां भी चलाई गईं। अकाली दल ने हमले के पीछे कांग्रेस के गुंडों पर आरोप लगाया है। हमले में अकाली दल के तीन कार्यकर्ताओं को गोलियां लगी हैं, जिससे वे घायल हो गए हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, बादल की गाड़ी पर उस समय यह हमला हुआ, जब वे आगामी पंजाब निकाय चुनाव के लिए अपनी पार्टी के कैंडिडेट के साथ जलालाबाद के एसडीएम ऑफिस जा रहे थे। इसी दौरान, कांग्रेस और एसएडी के कार्यकर्ता आमने-सामने आ गए। दोनों गुटों के बीच हिंसक झड़प हो गई। इस हमले का वीडियो भी न्यूज एजेंसी एएनआई ने जारी किया है। वीडियो में देखा जा सकता है कि सफेद रंग की गाड़ी के आसपास कुछ लोग मौजूद दिखाई दे रहे हैं, जिनके हाथों में डंडे और पत्थर हैं। उससे हमला किया जा रहा है। शिरोमणि अकाली दल ने एक बयान जारी कर कहा है, पुलिस समर्थित कांग्रेस के गुंडों ने आज एसएडी के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल पर हमला किया। उन्हें बचाने के लिए सामने आए पार्टी के तीन कार्यकर्ताओं को गोली लगी है। वहीं, पुलिस अधिकारी भी घटना वाली जगह पर पहुंचे और हमले को लेकर जांच शुरू कर दी है। इससे पहले सोमवार को भी कुछ रिपोर्ट्स सामने आई थीं, जिसमें आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के बीच आमना-सामना हो गया था।

### महिला सब इंस्पेक्टर बनी मिसाल, कोई छू नहीं रहा था लाश तो कंधे पर ले जाकर किया अंतिम संस्कार

**नई दिल्ली।** कई लोग अपनी उदारता को लेकर समाज के लिए बड़ी मिसाल बन जाते हैं। ऐसा ही कुछ आंध्रप्रदेश के एक गांव में देखने को मिला। दरअसल यहां एक लावारिस लाश को कोई छूने से भी घबरा रहा था तो ये सब इंस्पेक्टर न सिर्फ उस लाश को कंधे पर उठा कर दो किलोमीटर तक पैदल चली बल्कि उसका अंतिम संस्कार भी अपने हाथों से किया। श्रीकाकुलम जिले के कासीबुग्गा में तैनात सब इंस्पेक्टर के. श्रीषा ने जो किया वो मानवता की मिसाल बन गई। ये कोई श्रीषा का काम नहीं था बल्कि ये रूटीन ड्यूटी से परे था। गौरतलब है कि आदिविकोट्टूरू गांव के एक खेत में लोगों ने लावारिस लाश को देखा। लेकिन कोई भी उस लाश के पास जाने की हिम्मत नहीं कर रहा था। मालूम हुआ कि वह भीख मांग कर पेट भरा करा था। लेकिन उसका घर किसी को नहीं पता था। श्रीषा को घटना की जानकारी मिली तो वो मौके पर पहुंचीं। वहां उन्होंने देखा कि लाश का अंतिम संस्कार तो दूर लोग उसके पास जाने से भी घबरा रहे थे। कोरोना के संक्रमण के डर की वजह से शायद लोग ऐसा कर रहे थे। श्रीषा ने जो किया उसके लिए हर कोई उसकी तारीफ कर रहा है। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री जी कृष्ण रेड्डी ने भी युवा पुलिस अधिकारी के इस मानवीय कदम की तारीफ करते हुए ट्वीट कियाउन्होंने कहा कि ऑफिशियल ड्यूटी से आगे एक कदम उठाकर अंतिम संस्कार में मदद करना दिखाता है कि हमारे देश में हर पुलिसकर्मी कितनी गहराई से अपने अंदर मानवीय मूल्यों को रखता है।

### राज्यसभा में सरकार ने बताया- कोरोना से देश में अब तक 162 डॉक्टर और 107 नर्सों की जान गई



**नई दिल्ली।** कोरोना महामारी से भारत में अब तक 162 डॉक्टर, 107 नर्स और 44 आशा वर्करों की मौत हो चुकी है। राज्यसभा में मंगलवार को इसकी जानकारी दी गई। यह आंकड़े इस साल 22 जनवरी तक के हैं। कोरोना की वजह से जान गंवाने वाले हेल्थ वर्करों की संख्या को लेकर पूछे एक सवाल के लिखित जवाब में केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने सदन में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रभावित लोगों को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण पैकेज के तहत बीमा दिया जा रहा है। बता दें कि पिछले 24 घंटों में भारत में कोरोना के 8 हजार 635 नए मामले सामने आए हैं। इसके अलावा एक दिन में 13 हजार 423 लोग ठीक हुए हैं जबकि इसी अवधि में 94 लोगों की मौत हुई हैं।

### किसानों के मंच से हुआ ऐलान

# अब आंदोलन राजनीतिक हो चला है

केंद्र सरकार के कृषि कानूनों के खिलाफ किसान आंदोलन का 69वां दिन भी ढल चुका है. सरकार से कुछ लेकर लौटने की आस के साथ आए किसान अब भी खाली हाथ हैं और आगे का किसान आंदोलन राजनीति के दलदल में आकर फंस गया है.

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार के कृषि कानूनों के खिलाफ किसान आंदोलन का 69वां दिन भी ढल चुका है. सरकार से कुछ लेकर लौटने की आस के साथ आए किसान अब भी खाली हाथ हैं और आगे का किसान आंदोलन राजनीति के दलदल में आकर फंस गया है. किसानों के मंच पर अब सियासत का रंग चढ़ चुका है. सरकार के खिलाफ नारों में जय किसान के साथ राजनीतिक धुरंधरों की जय जयकार हो चली है. क्योंकि सभी की निगाह उत्तर प्रदेश में 2022 के चुनावों पर लगी है. विपक्षी दल समर्थन देकर किसान मंच पर कब्जा कर चुके हैं.

पिछले 2 महीने के आंदोलन में नाम मात्र ही सिमटा गाजीपुर बॉर्डर 26 जनवरी के बाद से सियासत का अखाड़ा बन चुका है. जहां किसान भले ही न पहुंच रहे हों, मगर वोट के तराजू में किसानों को तौलकर राजनीतिक रोटियां सेकने वालों की लंबी लाइन लगी है. किसानों के मंच पर अन्नदाता की जगह अब सियासत का बोलबाला है. दिल्ली से महाराष्ट्र तक सभी किसान मंच आ



चढ़े हैं. जिसकी तस्वीर हर दिन दिखाई पड़ रही है. गाहे बगाहे नेताओं के मुख से इसका जिक्र भी अब होने लगा है. मंगलवार को किसानों के समर्थन देने पहुंचे राष्ट्रीय लोकदल के नेता कुंवर नरेंद्र सिंह ने भी इस पर बात रख दी है. मथुरा संसदीय क्षेत्र से बीजेपी की हेमा मालिनी के सामने चुनाव लड़ चुके राष्ट्रीय लोकदल के नेता कुंवर नरेंद्र सिंह गाजीपुर बॉर्डर पर पहुंचे, लेकिन जो बयान उन्होंने दिया उसने इस मंच का खुलासा करके रख दिया है. कुंवर नरेंद्र सिंह ने कहा है कि मंच पूरी तरह से राजनीतिक हो गया है. सभी पार्टियों के लोग यहां पहुंच रहे हैं. उसकी वजह भाजपा है, लेकिन कम से कम नरेंद्र सिंह ने इस बात को माना कि अब किसान आंदोलन का यह मंच सिर्फ किसानों का ही नहीं रहा, बल्कि राजनीतिक पार्टियां भी इस पर कब्जा कर चुकी हैं. यहां राजनीतिक दलों को अन्नदाता की बेबसी से कहीं अधिक उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव के लिए अपनी वोट दिख रही है. और इससे भी ज्यादा लोकदल जैसे दलों को अपनी खोई जमीन नजर आने लगी है. ऐसे में किसान आंदोलन किसानों का न रहकर राजनीतिक हो चला है.. हालांकि समझने वाली बात यह भी है कि इसी को तो भारतीय जनता पार्टी बीते हफ्तों से चिल्लाती आ रही है, मगर अब तक देश का नागरिक बीजेपी की बचकानी बातें ही समझता रहा. बहरहाल, अब किसान मंच से भी ऐलान हो चुका है. अब यह आंदोलन राजनीतिक हो चला है.

### चौरी चौरा घटना के 100 साल

## प्रधानमंत्री मोदी 4 को करेंगे कार्यक्रम का उद्घाटन



**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के गोरखपुर की चौरी चौरा घटना इतिहास के पन्नों पर दर्ज है. 4 फरवरी 1921 को गोखपुर के एक छोटे से कस्बे चौरी-चौरा में जो हुआ वह इतिहास बन गया. 4 फरवरी 2021 यानी गुरुवार को चौरी चौरा घटना के 100 साल पूरे होने जा रहे हैं. इस मौके पर शताब्दी समारोह का आयोजन किया जाएगा, जिसका उद्धघाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे. कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री इस घटना पर एक डाक टिकट भी जारी करेंगे, जो आम लोगों को इस घटना की याद दिलाएगी. उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम राज्य के सभी 75 जिलों में 4 फरवरी 2021 से शुरू होगा और 4 फरवरी 2022 तक जारी रहेगा. इस पूरे कार्यक्रम के दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी उपस्थित रहेंगे. आपको बता दें कि 4 फरवरी 1922 को हुई इस घटना में भारतीयों ने ब्रिटिश पुलिस चौकी में आग लगा दी थी, जिसमें चौकी के अंदर छुपे हुए 23 पुलिसकर्मी जिंदा जल के मर गए थे. इसके बाद ही महात्मा गांधी ने असहयोग आंदोलन वापस ले लिया था. इसी घटना के बाद भारत के स्वतंत्रता संग्राम में एक नया अध्याय जुड़ा और भारत की आजादी में शामिल क्रांतिकारियों की नरम दल और गरम दल बने थे. चौरी-चौरा के इस घटना की पृष्ठभूमि 1857 के गदर से ही तैयार होने लगी थी. जंगे आजादी के पहले संग्राम (1857) में ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ पुर्वांचल के तमाम रजवाड़ों, जमीदारों (पैना, सतासी, बढ़यापार नरहरपुर, महुआडाबर) की बगावत हुई थी. इस दौरान हजारों की संख्या में देशप्रेमी शहीद हुए थे.

### दिल्ली में जल्द खुलेंगे स्कूल, नर्सरी एडमिशन भी होंगे शुरू

## केजरीवाल ने निजी स्कूलों के प्रधानाचार्यों से मुलाकात में किया ऐलान



**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को दिल्ली सचिवालय में निजी स्कूलों के प्रधानाचार्यों से बातचीत की। इस दौरान केजरीवाल ने कहा कि हम तुरंत नर्सरी एडमिशन शुरू करने की प्रक्रिया शुरू करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार कोविड की वजह से थोड़ी देर हो गई। हम उम्मीद करते हैं कि जल्द ही बाकी स्कूल भी खुल जाएंगे। केजरीवाल ने कहा कि बच्चे स्कूलों और कॉलेजों में वापस जाना चाहते हैं, लेकिन माता-पिता और शिक्षक चिंतित हैं। चूंकि अब वैक्सीन आ गई है, हमें उम्मीद है कि हम जल्द ही स्कूल खोल पाएंगे। हम जल्द ही नर्सरी दाखिले की प्रक्रिया शुरू करेंगे, इसके लिए तैयारी चल रही है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि सरकारी स्कूलों में शिक्षा का स्तर सुधारने के लिए उनकी सरकार ने शिक्षा बजट को 100 प्रतिशत तक बढ़ाकर आज सरकारी स्कूलों को प्राइवेट स्कूलों से भी बेहतर बना दिया है।

### किसान आंदोलन हिंसा के बाद गिरफ्तार लोगों की रिहाई पर सुनवाई से दिल्ली हाईकोर्ट का इनकार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में किसानों के आंदोलन के दौरान हुई हिंसा के बाद गिरफ्तार और हिरासत में लिए गए लोगों को रिहा करने की मांग पर दिल्ली हाईकोर्ट ने सुनवाई से इनकार कर दिया है. 26 जनवरी और उसके बाद सिंघु, गाजीपुर व टिकरी बॉर्डर के पास से अवैध तरीके से गिरफ्तार या हिरासत में लिए गए लोगों को रिहा के लिए याचिका दाखिल की गई थी. जिसपर आज हाईकोर्ट ने सुनवाई से इनकार किया है. याचिकाकर्ता ने कहा कि वो (गिरफ्तार/हिरासत में लिए गए लोग) गांवों से ताल्लुक रखते हैं.

### पंजाब मेल समेत कई ट्रेनों के रूट डायवर्ट, योगेंद्र यादव बोले- किसानों को रोकने के लिए बदले रास्ते

नई दिल्ली। भारतीय रेलवे ने पंजाब की ओर जाने वाली कुछ ट्रेनों के रूट को डायवर्ट कर दिया है. फिरोजपुर-मुंबई पंजाब मेल का रास्ता भी बदल दिया गया है. कहा जा रहा है कि दिल्ली की सीमाओं पर चल रहे किसान आंदोलन के मद्देनजर रेलवे ने ट्रेनों को डायवर्ट किया है. बताया जाता है कि रविवार की रात को किसानों का एक समूह फिरोजपुर (पंजाब) से पंजाब मेल ट्रेन में सवार होकर दिल्ली आंदोलन में हिस्सा लेने जा रहे थे. मगर इस ट्रेन को रोहतक से रेवाड़ी की तरफ डायवर्ट करके मुंबई के लिए रवाना कर दिया गया. इसको लेकर स्वराज इंडिया के चीफ योगेंद्र यादव ने सवाल कड़े किए हैं. स्वराज इंडिया के चीफ योगेंद्र यादव ने कहा, दिल्ली आ रहे करीब एक हजार किसानों को आंदोलन में शामिल होने से रोकने के लिए इन ट्रेनों को डायवर्ट कर दिया गया है.

## इजरायल दूतावास के पास हुए धमाके की जांच गृह मंत्रालय ने एनआईए को सौंपी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में इजरालय दूतावास के पास हुए बम विस्फोट मामले की जांच केंद्र सरकार ने देश की सबसे बड़ी जांच एजेंसी एनआईए (एनआईए) को सौंप दी है. केंद्रीय गृह मंत्रालय ने आधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि की है. बता दें कि दिल्ली में 29 जनवरी को इजरालय दूतावास के पास बम विस्फोट हुआ था. दिल्ली पुलिस ने कहा था कि विस्फोट शहर के मध्य में स्थित 5 औरंगजेब रोड पर हुआ था. सबसे अहम बात यह है कि जिस वक्त यह ब्लास्ट हुआ, उस वक्त कुछ ही दूरी बीटिंग रिट्रीट चल रही थी, जिसमें राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री से लेकर तमाम वीआईपी मौजूद थे. उल्लेखनीय है कि दिल्ली में बम धमाके की जिम्मेदारी एक अनाम से संगठन जैश-उल-हिंद ने ली है. इस संगठन ने बकायदा एक संदेश के जरिए इस धमाके में अपना हाथ बताया है. हालांकि अभी तक यह पता नहीं चल सका है कि यह किस तरह का संगठन है और इसके तार किससे जुड़े हुए हैं. हालांकि इस संगठन के तार पाकिस्तान से जुड़े हुए माने जा रहे हैं. दिल्ली ब्लास्ट की जांच में दो संदिग्धों के बारे में जानकारी मिली है. शुरुआती जांच में पुष्टि हुई कि धमाका अमोनियम नाइट्रेट से किया गया था. मौके





से एक अधजला दुप्पटा समेत कुछ अन्य सामान भी मिले थे. इसके अलावा एक लेटर भी मिला था, जिससे कई खुलासे हुए थे. खत में लिखा हुआ था कि यह धमाका बस एक ट्रेलर है. इस चिट्ठी से ईरानी कनेक्शन भी सामने आया है. लेटर में ईरान के दो ईरानियों की हत्या का भी जिक्र है. पत्र में लिखा था, वे सैन्य कमांडर जनरल कासिम सुलेमानी की हत्या का बदला लेंगे. लेटर में परमाणु वैज्ञानिक आर्देशिर की हत्या का भी जिक्र है. ईरान के बड़े परमाणु वैज्ञानिक आर्देशिर की ड्रोन-गन से हत्या की गई थी. ईरान इसके लिए इजरायल को जिम्मेदार ठहराता है. 30 नवंबर 2020 को ईरान के परमाणु वैज्ञानिक की ड्रोन अटैक में हत्या हुई थी.

## राम के भारत में 93 और रावण के श्रीलंका में 51 रुपये पेट्रोल: सुब्रमण्यम स्वामी

स्वामी ने ट्वीट कर लिखा कि भगवान राम के भारत में पेट्रोल की कीमत 93 रुपये प्रति लीटर है तो सीता माता के नेपाल में एक लीटर पेट्रोल की कीमत 53 रुपये और रावण के श्रीलंका में एक लीटर पेट्रोल की कीमत सिर्फ 51 रुपये है.

**नई दिल्ली।** बीजेपी के राज्यसभा सांसद सुब्रमण्यम स्वामी ने पेट्रोल-डीजल के बढ़ते दामों पर केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पर हमला बोला है. सुब्रमण्यम स्वामी ने मंगलवार को एक ट्वीट किया, जिसमें उन्होंने भारत और पड़ोसी देशों में पेट्रोल की कीमतों का जिक्र किया है. तेजी से वायरल हो रहे इस ट्वीट में उन्होंने भगवान राम, सीता माता और रावण का भी नाम लिया है. स्वामी ने ट्वीट कर लिखा कि भगवान राम के भारत में पेट्रोल की कीमत 93 रुपये प्रति लीटर है तो सीता माता के नेपाल में एक लीटर पेट्रोल की कीमत 53 रुपये और रावण के श्रीलंका में एक लीटर पेट्रोल की कीमत सिर्फ 51 रुपये है. बता दें कि मंगलवार को मुंबई में 92.86 रुपये प्रति लीटर के दाम से पेट्रोल बिक रहा है. वहीं, दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 86.30 रुपये है. सोमवार को देश का बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पेट्रोल पर 2.5 रुपये और डीजल पर 4 रुपये कृषि सेस लगाने का ऐलान किया था. हालांकि, सरकार ने कहा कि पेट्रोल और डीजल पर लगाए गए कृषि सेस से कीमतों में बढ़ोतरी नहीं होगी.



बता दें कि पेट्रोल-डीजल की आसमान छूती कीमतों की वजह से आम आदमी की जेब पर काफी बुरा असर पड़ रहा है.

### नीतीश मंत्रिमंडल का जल्द हो सकता है विस्तार

## बीजेपी ने तय किए नए मंत्रियों के नाम

**पटना।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी.नड्डा से सोमवार को नई दिल्ली में बिहार भाजपा के शीर्ष नेताओं की मुलाकात के बाद माना जा रहा है कि अब नीतीश सरकार का मंत्रिमंडल विस्तार कभी भी हो सकता है। भाजपा ने अपने नए मंत्रियों के नाम लगभग तय कर लिए हैं। बिहार इकाई के नेताओं ने ये नाम आलाकमान को सुझाए हैं जिन पर फाइनल मुहर लगते ही मंत्रिमंडल विस्तार हो जाएगा। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार भाजपा इस बार बिहार सरकार में कई युवा चेहरों को स्थान देना चाहती है। वरिष्ठ नेताओं में शाहनवाज हुसैन का मंत्री बनना तय माना जा रहा है। इनके अलावा कई अन्य नामों की चर्चा है जिनमें अंतरराष्ट्रीय शूटर और जमुई से बीजेपी विधायक श्रेयसी सिंह, राणा रणधीर सिंह, बांकीपुर के विधायक नितिन, संजय सिंह, दरभंगा के विधायक संजय सरावगी, दीघा के विधायक संजीव चौरसिया, कृष्ण कुमार, एमएलसी सम्राट चौधरी, नीतीश मिश्रा, प्रमोद



कुमार, बरौली के विधायक रामप्रवेश राय के नाम शामिल हैं। बताया जा रहा है कि भाजपा का सारा जोर अच्छा प्रदर्शन कर सकने वाले नेताओं को मंत्रिमंडल में शामिल करने पर है। इसे लेकर एक-एक नाम को काफी चर्चा के बाद फाइनल किया जा रहा है। मंत्रिमंडल विस्तार में कुछ पिछली सरकार में मंत्री रहे कुछ नेताओं का पत्ता साफ भी हो सकता है। कुल मिलाकर माना जा रहा है कि जल्द ही भाजपा अपनी लिस्ट फाइनल कर लेगी। इसके बाद मंत्रिमंडल विस्तार का रास्ता साफ हो जाएगा। उधर, बिहार में मंत्रिमंडल विस्तार में देरी को लेकर विपक्ष लगातार हमलावर है। राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि चोर दरवाजे से सत्ता में आया गठबंधन अभी तक काम शुरू नहीं कर पाया। बिहार का नुकसान हो रहा है। कांग्रेस भी भाजपा-जदयू में आपसी खींचतान का आरोप लगाते हुए कह रही है कि यह सरकार ज्यादा दिनों तक नहीं चल सकेगी। गौरतलब है कि मंत्रिमंडल के विस्तार को लेकर जद यू साफ कर चुका है कि विलंब भाजपा की ओर से हो रहा है इसलिए माना जा रहा है कि जद यू अपने मंत्रियों के नाम पहले ही तय कर चुका है।




ग्वालियर से प्रकाशित

दैनिक पुष्पांजली टुडे

राष्ट्रीय मासिक पत्रिका, ऑनलाइन न्यूज चैनल, पोर्टल, एंड्रॉयड ऐप

को

सम्पूर्ण भारत में नियुक्त करना है

ब्यूरो चीफ/रिपोर्टर

मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हरियाणा, गुजरात, बिहार, झारखंड, उड़ीसा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, आंध्रप्रदेश, अरूणाचल प्रदेश, असम, गोआ, कर्नाटक, केरल

आदि राज्यों के जिला एवं तहसील स्तर पर मनोनीत करना है

सम्पर्क करें

जी.एस. प्लाजा सूर्य मंदिर रोड गोले का मंदिर, ग्वालियर मध्यप्रदेश

फोन: 0751-4901403

मो. 7879637585, 8770253710

Website-www.pushpanjalitoday.com

Email.- pushpanjalitoday@gmail.com

## एक नजर....

### सम्बधित ली पर्यवेक्षकों ने बैठक

हरिओम परिहार रिपोर्टर



मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार नगर निकाय चुनाव के संबंधित नियुक्त पर्यवेक्षकों द्वारा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी रनौद के अध्यक्ष आदरणीय नाथूराम केवट जी एवं समस्त कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे जिसमें बैठक में नगर निकाय चुनाव संबंध में सभी सभी उम्मीदवारों की दावेदारी करने वाले उम्मीदवारों का नाम एवं उनके संबंध में पार्षदों के अध्यक्षों को का सर्वे कर जिताऊ उम्मीदवार का नाम भेज रहे पार्टी की ओर से प्रत्याशी बनाना सर्वे रिपोर्ट प्रस्तुत करना पर्यवेक्षकों का कार्य बताएगा जितनी भी पार्षद के उम्मीदवार हैं।



श्री राष्ट्रीय क्षत्रिय महासभा पंजीकृत मध्य प्रदेशके द्वारा आज राष्ट्रीय संरक्षक श्री अशोक सिंह भदोरिया जी, आदरणीय राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री देवेंद्र सिंह राणा जी, प्रदेश अध्यक्ष कुंवर श्री धर्मेंद्र सिंह राजावत जी के नेतृत्व में आज श्रीमान कलेक्टर महोदय भिण्ड को श्री राष्ट्रीय क्षत्रिय महासभा पंजीकृत की ओर से एक ज्ञापन सौंपा गया जिसका मुख्य उद्देश्य हमारे शहर के प्रमुख आकर्षण केंद्र एवं तीर्थ स्थल गौरी सरोवर के किनारे चल रही ÷मीट मंडी÷को हटाना है। इसी विषय से सम्बंधित ज्ञापन माननीय जिलाधीश महोदय को सौंपा गया। जिसमें प्रमुख रूप से उपस्थित रहे पदाधिकारी श्री उपेन्द्र सिंह भदौरिया जिला प्रभारी (वरिष्ठ प्रकोष्ठ) नंदकिशोर सिंह भदोरिया जिला संयोजक वरिष्ठ प्रकोष्ठ, नीतू राजावत जिला अध्यक्ष वरिष्ठ प्रकोष्ठ ,उमेश सिंह भदोरिया गुड्डू भैया चंबल संभाग वरिष्ठ प्रकोष्ठ ,संगठन मंत्री गुलशन सिंह भदोरिया सोशल मीडिया प्रभारी चंबल संभाग वरिष्ठ प्रकोष्ठ ,दिग्विजय सिंह भदोरिया चंबल संभाग सचिव युवा प्रकोष्ठ, सन्नू सिंह भदोरिया जिला अध्यक्ष युवा ,महेश सिंह भदोरिया सोशल मीडिया प्रभारी वरिष्ठ प्रकोष्ठ, डॉक्टर पुरुषोत्तम सिंह जिला प्रचार मंत्री युवा प्रकोष्ठ, भूपेंद्र सिंह तोमर जिला सचिव युवा प्रकोष्ठ , शिवम सिंह भदौरिया सदस्य,अनूप सिंह भदोरिया एडवोकेट, डॉक्टर अंकित भदोरिया सदस्य,घनश्याम भदोरिया सदस्य, पुखराज सभी लोग छतरी समाज के उपस्थित थे ।

### कासगंज मैं करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरू भैया का हुआ जोरदार स्वागत



पुष्पांजली टुडे

करणी सेना भारत की मीटिंग 1 फरवरी 2021 को कृष्णा पैलेस कासगंज में वीरू भैया राष्ट्रीय अध्यक्ष करणी सेना भारत एवं दीपक जादौन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष करणी सेना भारत एवं डीके ठाकुर का हुआ भव्य स्वागत और कासगंज में पहला कार्यक्रम उच्च स्तर पर संपन्न हुआ इस शुभ अवसर पर करणी सेना भारत के भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। अजीत सिंह चौहान जिला अध्यक्ष शुभम सोलंकी युवा जिला अध्यक्ष मोहित सिंह चौहान ममतेश चौहान शैलेंद्र मिश्रा जिला आचार्य आलोक राघव शिवम चौहान मानिंदार, चंद्रवीर सोलंकी बृजेश शिखा राघव विशाल चौहान, शैलेंद्र, राहुल पुंढीर हरदेश सोलंकी छोटू चौहान, पुजारी चौहान संदीप सत्येंद्र दीपक ठाकुर नितेश चौहान आदित्य श्री अशोक सिसोदिया आकाश आज करणी सैनिक उपस्थित रहे। उसके बाद कासगंज महदवा पर महाराणा प्रताप जी के द्वार का उद्घाटन किया गया।

### विधायक मेवाराम जाटव के जनता दरबार में उमड़ा जनसैलाब

मोहन मांझी



**गोहद।** क्षेत्र की समस्याओं को लेकर गोहद विधायक मेवाराम जाटव हर मंगलवार के दिन अपने सरकारी आवास पर जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्याएं सुनकर उन्हें हल करने का प्रयास करने में लगे हुए हैं। इसी के अंतर्गत विधायक मेवाराम जाटव क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनकर उन्हें संबंधित विभागों में अपनी ओर से पत्र लगाकर भेज रहे हैं। आज भी सैकड़ों लोगों ने विधायक मेवाराम जाटव को अपनी-अपनी समस्याएं लिखित एवं मौखिक रूप से सुनाई। जिनमें सबसे अधिक विद्युत विभाग से संबंधित अधिक बिजली बिल आने की एवं राजस्व विभाग से संबंधित नामांतरण न होना संबंधी शिकायती आवेदन प्राप्त हुए। कई ग्रामवासी नहर में पानी एवं हैंडपंपों की समस्याएं लेकर भी आए। सभी समस्याएं सुनकर विधायक मेवाराम जाटव ने उन्हें हल कराने का आश्वासन सभी को दिया है। आज भी मेवाराम जाटव के बंगले पर क्षेत्र के सैकड़ों लोग अपनी अपनी समस्या लेकर पहुंचे थे बंगले पर इतनी अधिक भीड़ थी कि लोगों को विधायक से मिलने में काफी मशक्कत करनी पड़ रही थी। इस अवसर पर युवक कांग्रेस के जिला डॉ. राजकुमार देशलेहरा, डॉ धर्मवीर दिनकर, विजय उर्फ टोनी मुदगल, ओमप्रकाश माहौर, प्रदीप त्रिवेदिया, बॉबी जर्मन, बबलू बरैया, रणवीर सिंह गुर्जर, देवेन्द्र पाठक, विजय निगम, केदार कौशल, बृजेस चौरसिया, पिंकी उचाड़िया, भगवती प्रसाद शर्मा, मुन्ना लाल भटेले, संग्राम सिंह तोमर, वीपी गुर्जर, तहशील शाह, काजी जलालुद्दीन, साबू खान, काजी राजू, प्रमोद शुक्ला, सलीम बॉक्स, रमजानी खान सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में किसानों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**महेंद्र शर्मा रिपोर्टर ग्वालियर संभाग गोहद।** गोहद विधानसभा के किसानों की समस्याओं को लेकर युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष डॉ. राजकुमार देशलहरा के नेतृत्व में सैकड़ों किसानों के साथ मिलकर भिंड कलेक्टर के नाम एसडीएम गोहद को ज्ञापन सौंपा गया युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ. राजकुमार देशलहरा ने बताया कि इस समय गोहद क्षेत्र मे (क्रश्ष्ट,स्रश्ष्ट मौ ब्रांच केनाल,बिडखरी 4क्र-3क्र )में पानी ना आने से किसानों को रवी सीजन में खड़ी फसलों को सिंचाई के लिए पानी नहीं मिल रहा है जिससे फसलें खराब हो रही है इसको लेकर क्षेत्र के किसानों में काफी रोष है किसान हमारा अन्नदाता है कांग्रेस पार्टी हमेशा से किसानों के हर सुख दुख में साथ खड़ी रही है आज युवा कांग्रेस द्वारा सिंचाई के पानी की समस्या को लेकर गोहद गोलंबर से युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष एवं किसानों ने साथ मिलकर जय जवान जय किसान के



नारे के साथ रैली निकालते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंचे जहां किसानों द्वारा एडीएम कार्यालय के बाहर सिंचाई ना होने से खराब हुई गेहूं एवं सरसों की फसलों को हाथ में लेकर मोदी सरकार के विरोध में नारेबाजी की गई किसानों ने कहा कि यह किसान विरोधी सरकार है ज्ञापन देते समय युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष ने चेतावनी दी है कि अगर तीन दिवस की अंदर नहरों में पानी नहीं छोड़ा गया और किसानों की इस समस्या का समाधान जल्द से जल्द नहीं हुआ तो युवा कांग्रेस किसानों के साथ मिलकर चक्का जाम और उग्र आंदोलन किया जाएगा इसकी जवाबदारी शासन और प्रशासन की होगी इस मौके पर निरंजन सिंह राणा,कुलदीप सिंह गुर्जर ,तहसील शाह, प्रमोद शुक्ला, अवध किशोर बंटी, विजय मुद्गल, जावेद पठान, नवल किशोर बरैया, राजेंद्र परिहार पिंकी उचाडिया ,राहुल उपाध्याय, हरीश चंद्र शुक्ला ,कमल सिंह भदोरिया ,गौरव कोरकु, मुनेश शर्मा, गौरव कोहली, सौरभ करसोलिया, रमजानी खान, राजू राठौर, शेखू खान, शिवम सोनी अवधेश शुक्ला, अमन बॉक्स, मुकेश सिंह, साबू खान, अवधेश मिश्रा, बृजेश कुशवाह, आजाद शर्मा,बबलू बरैया, शाहरुख शाह, गणेश राम शर्मा ,आरिफ खान ,ओमप्रकाश राठौर ,सुल्तान कुशवाहा ,नारायण सिंह जाटव,देवेंद्र सिंह ,रामलखन सिंह, राम प्रकाश सिंह ,रमेश सिंह, विनोद सिंह ,बदन सिंह, एवं अन्य किसान एवं कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### अम्बाह पुलिस द्वारा अपराध कायमी के 24 घन्टे के भीतर अपहृत बालक को किया गया दस्तयाव...

केशब पंडित जी अम्बाह...

**अम्बाह...** पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार पाण्डेय द्वारा बालक बालिकाओ के दस्तयाब हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हंशराज सिह तथा एसडीओपी अशोक जादौन के मार्गदर्शन एवं दिशा निर्देश में गायब हुए बालक को तत्काल बरामद कर लिया गया है जानकारी के मुताबिक एक फरवरी को फरियादिया के द्वारा अपनी ननद के लड़का उम्र 12 साल को अज्ञात व्यक्ति के द्वारा बहलाफुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट की थी जिस पर से थाना अम्बाह पर 102/21 धारा 363 ताहि0 का कायम कर अपहृत बालक उम्र 12 साल की तलाश लगातार जारी रखते हुए आज दिनांक 02/02/2021 को पीपरी पुरा रोड़ मुरैना से दस्तयाव किया गया, उक्त कार्यवाही में टी आई योगेन्द्र जादौन, व एसआई जगदीश गुप्ता, टीडी शुक्ला, रामप्रकाश मुदगल ,महेश शर्मा, योगेन्द्र राजे,सतेन्द्र,जोगेन्द्र सिंह, पूनम परमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# भागवत कथा ही साक्षात कृष्ण का रूप है : घनश्याम शास्त्री जी





माधव बाल निकेतन एवं वृद्ध आश्रम कमानी पुल के पास लक्ष्मीगंज में वृद्धों के लिए चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा सुप्रसिद्ध भागवत भागवताचार्य पं.श्री घनश्याम शास्त्री जी महाराज ने कहा कि, भागवत कथा ही साक्षात कृष्ण है और जो कृष्ण है, वही साक्षात भागवत है। भागवत कथा भक्ति का मार्ग प्रशस्त करती है। भागवत की महिमा सुनाते हुए कहा कि, एक बार नारद जी ने चारों धाम की यात्रा की, लेकिन उनके मन को शांति नहीं हुई। नारद जी वृंदावन धाम की ओर जा रहे थे, तभी उन्होंने देखा कि एक सुंदर युवती की गोद में दो बुजुर्ग लेटे हुए थे, जो अचेत थे। युवती बोली महाराज मेरा नाम भक्ति है। यह दोनों मेरे पुत्र हैं, जिनके नाम ज्ञान और वैराग्य है। यह वृंदावन में दर्शन करने जा रहे थे। लेकिन बृज में प्रवेश करते ही यह दोनों अचेत हो गए। बूढ़े हो गए। आप इन्हें जगा दीजिए। इसके बाद देवर्षि नारद जी ने चारों वेद, छहों शास्त्र और 18 पुराण व गीता पाठ भी सुना दिया। लेकिन वह नहीं जागे। नारद ने यह समस्या मुनियों के समक्ष रखी। ज्ञान, वैराग्य को जगाने का उपाय पूछा। मुनियों के बताने पर नारद जी ने हरिद्वार धाम में आनंद नामक तट पर भागवत कथा का आयोजन किया। मुनि कथा व्यास और नारद जी मुख्य परीक्षित बने। इससे ज्ञान और वैराग्य प्रथम दिवस की ही कथा सुनकर जाग गए। उन्होंने कहा कि, गलती करने के बाद क्षमा मांगना मनुष्य का गुण है, लेकिन जो दूसरे की गलती को बिना द्वेष के क्षमा कर दे, वो मनुष्य महात्मा होता है। जिसके जीवन में श्रीमद्भागवत की बूंद पड़ी, उसके हृदय में आनंद ही आनंद होता है। भागवत को आत्मसात करने से ही भारतीय संस्कृति की रक्षा हो सकती है। भगवान को कहीं खोजने की जरूरत नहीं, वह हम सबके हृदय में मौजूद हैं। अगर जरूरत है तो सिर्फ महसूस करने की। दोपहर 12 बजे से शुरू हुई श्रीमद् भागवत कथा में दूसरे दिन बड़ी संख्या में भागवत प्रेमी पहुंचे आयोजन माधव बाल निकेतन एवं वृद्धआश्रम के चेयरमैन नूतन श्रीवास्तव जी ने सभी से आग्रह किया कि अधिक से अधिक संख्या में पधार कर कथा का आनंद ले।जिसमें सभी संस्था के पदाधिकारी, चेयरमैन नूतन श्रीवास्तव, अध्यक्ष पवन भटनागर , श्रीमती इंदिरा मंगल उपाध्यक्ष, सुनील श्रीवास्तव सचिव, मनोज दुबे सह सचिव, चेतन शर्मा सह सचिव, अनूप श्रीवास्तव कोषाध्यक्ष, सुरेंद्र श्रीवास्तव ऑडिटर, मोनिका मिश्रा विधि सलाहकार, सीमा सक्सेना अधीक्षक, रणवीर सिंह सदस्य, श्याम श्रीवास्तव,आरके श्रीवास्तव, दिलीप चंद्र गोयल, निष्ठा सिंह, रजनी कुशवाहा, राजेश तोमर, निर्मल पांडे सदस्य आशीष श्रीवास्तव, दीपक श्रीवास्तव एवं सहयोगी जन मौजूद रहेंगे । कोरोना काल में मार्क्स एवं सोशल डिस्टेंसिंग का पालन कराया जाएगा।

# भाजपा के विजय रथ को रोकने के लिए नाकाम साबित हुआ किसान आंदोलन

**रानी पाली नेनाराम सीरवी।** जिले में लोकसभा विधानसभा पंचायत राज चुनावों में भारतीय जनता पार्टी को हर कोने कोने में जीत मिली। बीते महा संपन्न हुए पंचायत राज चुनाव में जिले मैं चारों तरफ कमल ही कमल खिला। जिले में 7 नगर निकाय चुनावों में 5 निकायों में भारतीय जनता पार्टी को स्पष्ट बहुमत मिला। जिसमें जैतारण बाली रानी तखतगढ़ सादड़ी। के नगर निकाय चुनाव के घोषित परिणामों में कमल ही कमल खिला। खुडाला फालना नगर निकाय चुनाव में इस बार निर्दलीय उम्मीदवारों ने बाजी मारी। सोजत नगर निकाय चुनाव में 40 वार्ड में से भारतीय जनता पार्टी के 20 प्रत्याशियों को जीत मिली। सोजत निकाय चुनाव के दौरान घोषित परिणामों में भारतीय जनता पार्टी मात्र एक कदम पीछे रह गई। लेकिन यहां पर भी भारतीय जनता पार्टी का बोर्ड बनना निश्चित लग रहा है। जिले में संपन्न हुए 7 निकायों के चुनाव में कुल 195 वार्ड में से 104 सीटों पर भाजपा ने कब्जा किया। वही 59 सीटों पर ही सिमट गई कांग्रेस। 32 सीटों पर निर्दलीय प्रत्याशियों ने बाजी मारी। नगर निकाय घोषित परिणामों के बाद पालिका अध्यक्ष को लेकर लॉबिंग शुरू हुई।जीते हुए कई प्रत्याशियों द्वारा पालिका अध्यक्ष बनने के लिए अपने राजनीतिक दलों के शीर्ष नेताओं से संपर्क करने की पूरी कोशिश की जा रही हैं। भारतीय जनता पार्टी के विजय रथ को रोकने के लिए नाकाम साबित हुआ किसान आंदोलन। इसके साथ साथ राजस्थान सरकार के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के पुत्र वैभव गहलोत द्वारा नगर निकाय चुनाव में कांग्रेस पार्टी के पक्ष में मत देने की अपील मतदाताओं से की गई। लेकिन मतदाताओं ने राजस्थान में राजस्थान की सरकार को भी नकारा। और सरकार के साथ-साथ सरकार के बड़े-बड़े नेता पूर्व सांसद पूर्व विधायक जिला स्तर के कार्यकर्ताओं के साथ जिला अध्यक्ष संपूर्ण कांग्रेसी नेताओं को मतदाताओं ने नकारा। और घोषित परिणामों में भाजपा का विजय रथ का क्रम जारी रहा। नगर निकाय चुनाव के 195 वार्ड में से 120 पुरुष 75 महिलाएं को जीत मिली। जातीय समीकरण के अनुसार सामान्य 25 ओबीसी 126 एस सी 37 एस टी 07। जिले में कड़ी से कड़ी जोड़ने के लिए भाजपा के सांसद पीपी चौधरी सुमेरपुर विधायक जोराराम कुमावत भाजपा पाली जिला अध्यक्ष मंसाराम परमार। भाजपा जिला उपाध्यक्ष नारायण लाल कुमावत। मारवाड़ जंक्शन विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक केसाराम चौधरी। पाली विधायक ज्ञानचंद पारख। बाली विधायक पुष्पेंद्र सिंह राणावत। रानी निवर्तमान पालिकाध्यक्ष घीसू लाल



चौधरी। पूर्व प्रधान पंचायत समिति रानी नवरत्न चौधरी। पूर्व उप जिला प्रमुख नवल किशोर रावल। पूर्व प्रधान पंचायत समिति पाली श्रवण बंजारा। पूर्व उप प्रधान पंचायत समिति पाली नरेंद्र सिंह राठौड़। भाजपा जिला प्रतिनिधि मुकेश चौधरी। चेन सिंह रावलवास रावलवास। महावीर सिंह टेवाली। हेमावास मंडल अध्यक्ष वोरा राम सीरवी।गुंदोज भाजपा मंडल अध्यक्ष गणेश राम पटेल। गुंदोज पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष उमेश सिंह सोनीगरा। खोड मंडल अध्यक्ष हुकम सिंह राजपुरोहित। सीरवी इंडिया परिवार के वरिष्ठ समाजसेवी एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता भंवर लाल सीरवी किसान केसरी पाली। आदि सहित मंडल स्तर के कार्यकर्ताओं द्वारा दिन रात सफल प्रयास करके मतदाताओं से डोर टू डोर जनसंपर्क किया। जनसंपर्क के माध्यम से पाली सांसद के अलावा पाली जिले के विधानसभा क्षेत्र के विधायकों को जीत दिलाने में सफल साबित हुए। इनके साथ साथ पंचायत राज संस्थाओं के चुनाव के दौरान जिले में रोहटपंचायत समिति को छोड़कर संपूर्ण जगह पर भारतीय जनता पार्टी के प्रधान बनाए गए। इनके साथ साथ जिला प्रमुख भारतीय जनता पार्टी का बना। नगर निकाय चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के सांसद विधायक के अलावा मंडल स्तर के कार्यकर्ताओं द्वारा मतदाताओं से डोर टू डोर जनसंपर्क किया और भारतीय जनता पार्टी को जीत दिलाने में सफल साबित हुए।







VISION 2030
ग्वालियर शहर में पहली बार हर सेवा और वस्तु बहुत ही सस्ती
जियो रीचार्ज एक माह 199 वाला केवल 180 में।
आइडिया और एयरटेल का रीचार्ज केवल 225/- में 249 वाला।
किराना का सामान सबसे सस्ता।
HOME TUITION का डेमो फ्री वो भी 15 दिन।
केक केवल 180/- में फ्री HOME DELIVERY के साथ।
टिफिन सेंटर खाना बिल्कुल घर जैसा।
ऐसे ही 5 लाख प्रोडक्ट्स और 50 से ज्यादा सेवाएँ
बस एक कॉल या वॉट्सएप्प, हर सेवा आपके पास।
Only WHATSAPP 9425823988
call-9691937250/- 9516003221



## एक नजर...

### पदक विजेता खिलाड़ियों की पुलिस में होगी सीधी भर्ती: गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा है कि मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं अंतरार्ष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के पदक विजेता खिलाड़ियों की प्रदेश सरकार पुलिस विभाग में सीधी भर्ती करेगी। इसके अंतर्गत प्रति वर्ष 60 पदों पर सीधी भर्ती की जाएगी। इनमें 10 पद उपनिरीक्षक और 50 पद कांस्टेबल के रहेंगे। आधिकारिक जानकारी में मिश्रा ने बताया कि प्रदेश के उत्कृष्ट खिलाड़ियों को ओलम्पिक, एशियाड और कॉमनवेल्थ गेम्स में पदक जीतने पर सीधे उप निरीक्षक के पद पर नियुक्ति दी जाएगी। राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के पदक विजेता खिलाड़ियों को कांस्टेबल के पद पर नियुक्ति दी जाएगी। उन्होंने बताया कि उक्त स्तर पर दिव्यांगजनों के लिए आयोजित प्रतियोगिताओं के पदक विजेता खिलाड़ियों को भी लाभ दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि उपरोक्त पदों की भर्ती के लिए खिलाड़ियों के पास वांछित शैक्षणिक अर्हता का होना आवश्क है। उनकी किसी प्रकार से न तो परीक्षा ली जाएगी और न ही फिजिकल टेस्ट होगा।

### लखनऊ : सैनिटाइजर गोदाम में भीषण आग, धमाकों से दहल इलाका

**लखनऊ।** लखनऊ में ट्रांसपोर्टनगर स्थित शीतल फार्मा में सोमवार देर रात भीषण आग लग गई। गोदाम में सैनिटाइजर भरे होने के कारण आग तेजी से फैली। तीन मंजिला इमारत में दवाइयां और नमकीन का भी गोदाम है। जो आग की चपेट में आ गया। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने गोदाम में फंसे लोगों को निकाला और जेसीबी से दीवारें तोड़कर राहत कार्य शुरू किया। अग्निकांड के दौरान ताबड़तोड़ धमाकों से पूरा इलाका दहल उठा। सोमवार देर रात लगी आग मंगलवार दोपहर बाद काबू में आई। कृष्णानगर निवासी बद्री प्रसाद अग्रवाल दवा और नमकीन का व्यापार करते हैं। ट्रांसपोर्ट नगर में उनका ऑफिस और गोदाम है। जिसमें सैनिटाइजर, दवाइयां और नमकीन का स्टॉक था। सोमवार रात कर्मचारी गोदाम में सो रहे थे। रात 12 बजे करीब गोदाम से धुंआ और आग की लपटें उठते देख कर्मचारी दहशत में आ गये। पानी फेंककर आग को काबू पाने का प्रयास किया गया। असफल होने पर दमकल और पुलिस को सूचना दी गई। इस बीच सैनिटाइजर के कारण आग तेजी से फैली। जिसके कारण गोदाम कर्मी अंदर फंस गए। सरोजनीनगर फायर स्टेशन से एफएसओ शिवराम यादव टीम के साथ पहुंचे और मुख्य गेट खोलकर आनन फानन कर्मचारियों को टीम की मदद से बाहर निकाला। गोदाम कर्मियों के बाहर निकलते ही सैनिटाइजर के ड्रमों में धमाका होने लगा। जिससे अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर आलमबाग, पीजीआइ और हजरतगंज समेत अन्य फायर स्टेशनों से दमकल की गाड़िया बुलाई गईं। सीएफओ विजय कुमार सिंह पहुंचे। दर्जनों दमकल की गाड़ियों को फायर फाइटिंग में लगा गया था। हालात काबू न होते देख जेसीबी की मदद से गोदाम की दीवारें तोड़ी गई। 12 घंटे से आधिक की कड़ी मशक्कत के बाद दमकल कर्मी मंगलवार दोपहर बाद आग पर काबू पा सकें।

### शीटेप्स से मिलेगा खेलों को बढ़ावा-विजेता सिंह



रश्मि चौहान

**ग्वालियर।** ग्वालियर शहर में माह फरवरी से शुरू होने जा रही मल्टी स्पोर्ट्स अकादमी जिसमे अलग अलग खेल विधाओं और 2 वर्ष से 20 वर्ष तक के बच्चो की फिटनेस एवं कार्य कौशल मे बढ़ोत्तरी के लिए पारंगत प्रशिक्षक के संरक्षण मे प्रशिक्षण दिया जाएगा। शी टेप्स स्पोर्ट्स की डायरेक्टर विजेता सिंह चौहान ने बताया कि यह एकेडमी एम पी सी टी कॉलेज मै संचालित होगी इस भयावह कोविड काल ने मानो जैसे खेलो के ऊपर रोक सी लगा दी है और बच्चे घरों मे बंद होने के लिए विवश से हो गए है ग्वालियर के समस्त खेल प्रेमियों के लिए ये अकादमी एक मील का पत्थर साबित होगी जिसमे सुरक्षा एवं सरकार की कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करते बच्चो को क्रिकेट, फुटबॉल, स्केटिंग और एक अनूठे एवं नवीन पध्हती पर आधारित प्रोग्राम जो की विशेषकर 6 साल तक के बच्चो के लिए एक्सपर्ट्स द्वारा तैयार किया गया है मे प्रशिक्षण का लक्ष्य रखा गया है। इस अकादमी मे डे-बोर्डिंग के साथ साथ रेजिडेंशियल रूप से भी खिलाडियों को शामिल किया जाएगा जहा उनके बेहतर ट्रेनिंग, अच्छी रहने व खाने की सुविधा, अच्छी शिक्षा एवं होम ट्यूशन की सुविधा के साथ साथ अनुरूप खेल वातावरण जैसे प्रतियोगिताओं के द्वारा प्रशिक्षण, हर खिलाडी का हेल्थ एंड मेडिकल कवर, छमाही और सालाना रिपोर्ट कार्ड प्रदान करना और प्रोफेशनल तरीके से व्यवहार किया जाना सुनिश्चित किया जाएगा। इस अकादमी द्वारा प्रत्येक खिलाडी का डाटा बेस तैयार कर हमारी एक्सपर्ट्स के साथ शेयर किया जाएगा जिससे उन सभी खिलाडियों को उनकी प्रतिभा दिखाने का मौका प्राप्त हो और वो खेलो मे आगे चलकर अपना करियर देखे । शीटेप्स अकादमी का पूर्ण उद्देश्य खेलो के नीचे जा रहे स्तर को ऊपर उठाना, हर वर्ग और तबके के खुलाड़ियों का विकास और सक्षम खिलाडियों को एक पलटफोर्म प्रदान करना है जो की आगे चलकर अपने ग्वालियर व देश का नाम रोशन कर।समस्त ग्वालियर वासियों से अनुरोध है की इस नई पहल मे बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले और अपने ग्वालियर की फिटनेस और खेलो के विकास को सुनिश्चित करे।

### चोरी के सामान के साथ दो शातिर बदमाश पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार



एटा  वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री सुनील कुमार सिंह के निर्देशन में लुटेरों/चोरों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा चोरी के सामान सहित दो शातिर बदमाशों को पुलिस मुठभेड़ के बाद अवैध असलहा कारतूस तथा वैगनआर कार, एक पावर बैंक, एक आटा चक्की का गियर व नगदी सहित गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गयी है।घटनाक्रमानुसार दिनांक 01.02.2021 को थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस मुठभेड़ के बाद दो शातिर अभियुक्तों को समय करीब 19.50 बजे आर.एस पेट्रोल पंप के पास से दो अवैध तमंचा, दो जिन्दा व दो खोखा कारतूस 315 बोर, एक वैगन-आर कार, एक पावर बैंक, आटा चक्की का गियरबॉक्स व नकदी 2000 रुपये के साथ गिरफ्तार किया गया है। सख्ती से पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि उन्होंने पिछली रात्रि को अलीगंज रोड मंडी के सामने से एक दुकान के बराबर में बाहर रखी मशीनरी से आटे की चक्की का गियर बॉक्स चुराया था जो कि इसी गाड़ी में रखा हुआ है जिस के संबंध में थाना कोतवाली नगर पर अभियोग पंजीकृत है तथा उन्होंने पूर्व में भी सितंबर में मोहल्ला वेरुनगंज के एक मकान के अंदर से अलमारी में रखे ?38500 व दो मोबाइल और दो गुल्लक चुराए थे जिसके संबंध में थाना कोतवाली नगर पर अभियोग पंजीकृत है। अभियुक्तों ने बताया कि हम लोग जनपद में चोरी व लूटपाट की घटनाओं को अंजाम देते रहते हैं। इस सम्बंध में गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध थाना कोतवाली नगर पर मुअसं- 103/2021 धारा 307 भादंवि (पु.मु ) बनाम अनिल व देवराज, तथा दोनों गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर थानास्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

यूपी पंचायत चुनाव

# 23 अधिकारियों को मिली जिम्मेदारी

**गाजीपुर।** यूपी में होने वाले पंचायत चुनाव में गाजीपुर जिला प्रशासन तैयारियां पूरा करने में लगा है। मतदाता सूची के प्रकाशन हो जाने बाद 23 अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। उधर, आरक्षण पर सबकी निगाहें टिकी हैं। त्रिस्तरीय चुनाव में किस्मत आजमाने वाले दावेदार भी आरक्षण की जानकारी लेने के लिए निर्वाचन विभाग सहित जिला पंचायत राज विभाग में पता लगाने के आने लगे है। आरक्षण लागू होते ही चुनावी सरगर्मियां तेज हो जाएंगी।

जनपद की 1237 ग्राम पंचायतों में चार पदों पर होंगे। इसे लेकर जिला प्रशासन की ओर से तैयारी शुरू हो गई है। जिला प्रशासन ने 23 अधिकारियों को चुनाव से पहले छोटी-बड़ी सभी प्रकार की चुनावी तैयारियां पूरी करने के लिए जिम्मेदारी सौंपी है। प्रभारी अधिकारी के रूप में नामित किए गए इन अफसरों को चुनाव से संबंधित कार्यों को अपनी देखरेख में कराने की जिम्मेदारी दी गई है। उधर, आरक्षण पर सबकी निगाहें टिकी हुई हैं। भावी प्रत्याशियों से लेकर मतदाताओं तक को इसका इंतजार है। गांवों में प्रत्याशियों की ओर से चुनावी तैयारी शुरू हो गई है। आरक्षण की सूची आते हीं चुनवी सरगर्मी तेज हो जाएगी। इसमें कर्मिक नियुक्ति व्यवस्था व प्रशिक्षण सुशील लाल श्रीवास्तव, जोन सेक्टर निर्धारण




जोनल व परिवहन एवं ईधन व्यवस्था राजेश कुमार सिंह अपर जिला अधिकारी, मतपत्र व्यवस्था शशिकला शुक्ला बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी, निर्वाचन किट प्रपत्र मतपेटी व्यवस्था अजय पालीवाल जिला सहायक निबंधक सहकारी समिति, बैरीकेटिंग एवं टेंटेज व्यवस्था जितेंद्र कुमार अधिकशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग, कानून शांति व्यवस्था एंव अचार संहित अनुपालन राजेश सिंह एडीएम, जन शिकायत एवं उसका त्वरित निस्तारण गिरिश चंद्र यादव मुख्य कार्यकारी मत्सय, मतदान केंद्र व निर्वाचक नामावली एडीएम, कंट्रोल रुम विजय प्रकाश वर्मा, निर्वाचन अधिकारी द्वारा नामांकन से लेकर मतगणना तक ऑनलाइन किए गए सूचनाओं का मानिटरिंग एवं सूचना प्रेषण नीरज कुमार श्रीवास्तव जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी, मतदान मत गणना कार्मिकों का यात्रा भत्ता एवं निर्वाचन व्यय लेखा संबंधित कार्य अखिलेश प्रताप सिंह वरिष्ठ कोषाधिकारी, परसीमन एवं आरक्षण रमेशचंद्र उपाध्याय जिला पंचायत राज अधिकारी, विडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी व्यवस्था भूषण कुमार उपायुक्त श्रम एवं रोजगार, प्राथमिक चिकित्सा किट एवं कोविड-19 स्वास्थ्य व्यवस्था, विद्युत एवं विकास व्यवस्था विजय राज सिंह अधिक्षण अभियंता, प्रक्षक संबंधित सभी व्यवस्था अनिरूद्ध प्रताप सिंह उपजिलाधिकारी सदर, दूरभाष एवं इंटरनेट व्यवस्था वीके सिंह मण्डल अभियंता, डाक वितरण व्यवस्था गोपाल पाण्डेय प्रशासनिक अधिकारी जिला विकास कार्यालय, खानपान व्यवस्था कुमार निर्मलेंदु जिला पूर्ति अधिकारी, प्रेस एवं मीडिया प्रभारी राकेश कुमार जिला सूचना अधिकारी, पेयजल व्यवस्था ब्रम्हानंद अधिशासी अभियंता जलनिगम द्वितीय को नियुक्त किया गया है। अब शासन द्वारा कभी भी आरक्षण सूची जारी हो सकती है। इसको लेकर पंचायती राज विभाग ने पिछली पांच बार के ग्राम पंचायतवार आरक्षण का ब्योरा पोर्टल पर अपलोड कर दिया है। आरक्षण की सूची का सभी को इंतजार है। वहीं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव से जुड़े अन्य कार्यो को पू करने में जिला प्रशासन लगा है।

## प्रयागराजः कपड़ा व्यापारी के घर लगी आग, लपटों के बीच बेहोश हुआ परिवार

**प्रयागराज।** प्रयागराज के कटरा में मंगलवार सुबह कपड़ा व्यापारी के घर में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। देखते-देखते आग की लपटों ने पूरे कमरे को अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना से वहां कोहराम मच गया। किसी तरह कमरे से भागकर लोगों ने अपनी जान बचाई। धुआं भरने से कपड़ा व्यापारी का परिवार वहीं अचेत हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें बचाकर कटरा स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कपड़ा व्यापारी सुनील केसरवानी लक्ष्मी चौराहे के पास कटरा में परिवार के साथ रहते हैं। ऊपरी मंजिल पर उनके बड़े भाई का परिवार रहता है। सुनील के भतीजे रितिक ने बताया कि सोमवार सुबह सभी लोग कमरे में सो रहे थे। लगभग 6ः30 बजे शॉर्ट सर्किट होने से कमरे में आग लग गई। सुनील केसरवानी की पत्नी अनीता जग गई। कमरे में आग और धुआं भर रहा था। उन्होंने शोर मचाया



और बाहर आकर चिल्लाने लगी। इसके बाद परिवार के सभी लोगों ने बचाने में जुट गए। इधर कमरे में आग और धुआं भरने पर सुनील केसरवानी अपने बेटे प्रथम को लेकर बाथरूम में घुस गए, जहां धुआं भरने से पिता-पुत्र बेहोश हो गए। परिवार व मोहल्ले वालों की मदद से एक-एक करके सभी लोगों को बाहर निकाला गया। पति और बेटे को अचेत देख अनीता भी बेहोश हो गई। थोड़ी देर बाद पहुंची दमकल ने किसी तरह आग पर नियंत्रण किया लेकिन तब तक कमरे में रखा सारा सामान जल चुका था। कर्नलगंज पुलिस भी मदद में पहुँच गई। इधर, सुनील केसरवानी उनकी पत्नी अनीता और बेटे प्रथम केसरवानी को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टर ने उन्हें आईसीयू वार्ड में रखा है । पुलिस की मानें तो सभी की हालत अब सामान्य है।

### लेखपालों को मिलेगा लैपटॉप व स्मार्ट फोन का डाटा चार्जेज

**लखनऊ।** लेखपालों को सरकार से मिले लैपटॉप व स्मार्ट फोन में डाटा अब अपनी जेब से नहीं भरना पड़ेगा। जल्द ही लेखपालों को लैपटॉप व स्मार्ट फोन के डाटा चार्जेज का भुगतान किया जाएगा।  परिषद ने प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को लैपटॉप व स्मार्ट फोन के डाटा चार्जेज के लिए मानक मद - टेलीफोन व्यय मद  में खर्च होने वाली धनराशि की मांग किए जाने निर्देश दिए हैं। लेखपालों को हाईटेक बनाने और बस्ते का बोझ कम करने के लिए जून 2019 में लैपटॉप दिए गए। इससे पहले स्मार्ट फोन भी दिए गए। लेकिन इसके लिए डाटा चार्जेज नहीं मिला। अधिकांश लेखपालों ने सरकारी लैपटॉप किनारे रख दिया। लेखपालों की इस समस्या को 'हिन्दुस्तान' अखबार ने प्रमुखता से उठाया। इसका संज्ञान लेते हुए आयुक्त एवं सचिव राजस्व परिषद ने सभी जिलाधिकारियों को पत्र लिखकर डाटा चार्जेज की डिमांड देने के निर्देश दिए हैं।



जिलों को भेजे गए पत्र में यह भी कहा गया है अधिकांश जिलों द्वारा इस मद से पैसा नहीं मांग गया है। जबकि इस मद में पर्याप्त धनराशि उपलब्ध है। परिषद ने पांच फरवरी तक डाटा चार्जेज की डिमांड देने के निर्देश दिए हैं।  एडीएम (प्रशासन) अमर पाल सिंह बताते हैं कि तहसीलों से डाटा चार्जेज की डिमांड मांगी गई है। बजट मिलते ही लेखपालों को वर्ष 2020-21 का अब तक भुगतान कर दिया जाएगा।




### जनपद में 4 फरवरी 2021 को चौरी, चौरा शताब्दी समारोह उत्साह के साथ मनाया जाएगा

एटा। मंगलवार को कोविड-19 की गाइडलाईन के अनुरूप जनपद की तीनो तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। डीएम सुखलाल भारती एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार सिंह ने तहसील एटा सदर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जनता की समस्याओं को सुना। उन्होंने निर्देश दिए कि जनता की समस्याओं का त्वरित गति से पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारण किया जाए। जनता की शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतते हुए शासन की मंशानुरूप निस्तारण पर जोर दिया जाए। डीएम ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार जनपद में 4 फरवरी 2021 को चौरी, चौरा शताब्दी समारोह उत्साह के साथ मनाया जाएगा। सभी संबंधित विभाग समस्त आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ले। चौरी चौरा शताब्दी समारोह का आयोजन कोविड-19 की गाईडलाईन के अनुसार किया जाएगा। सदर तहसील मे कुल 67 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें से 11 का मौके पर निस्तारण किया गया। एडीएम प्रशासन विवेक कुमार मिश्र ने तहसील जलेसर में एसडीएम सहित अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में जनता की समस्याओं को सुना गया। इस दौरान जलेसर तहसील में 22 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें 02 का निस्तारण किया गया। तहसील अलीगंज में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व केशव कुमार सहित अन्य अधिकारियों ने जन समस्याओं को सुना। इस दौरान फरियादियो द्वारा 30 शिकायत निस्तारण हेतु प्रस्तुत की गई, जिसमें से 05 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अजय प्रकाश, सीएमओ डॉ0 अरविंद कुमार गर्ग, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी एसपी सिंह, एसडीएम सदर अबुल कलाम, डीडीओ एसएन सिंह कुशवाह, पीडी डीआरडीए निर्मल कुमार द्विवेदी, बीएसए संजय सिंह, समाज कल्याण अधिकारी रश्मि यादव, डीपीआरओ आलोक कुमार प्रियदर्शी, नायब तहसीलदार रवेंद्र प्रताप सिंह, सीडीपीओ एसपी पाण्डेय सहित अन्य अधिकारी, क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी, खंड विकास अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

### फरार गैंगस्टर दिलीप बाफिला लखनऊ में गिरफ्तार दर्ज हैं 17 मुकदमे

**लखनऊ।** लखनऊ के गोमतीनगर पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में फरार चल रहे प्रापर्टी डीलर दिलीप बाफिला को सोमवार दोपहर गिरफ्तार कर लिया। दिलीप के खिलाफ अलग-अलग थानों में 17 मुकदमे दर्ज है। इस कार्रवाई के बाद अब पुलिस उसकी सम्पत्ति का ब्योरा तैयार कर रही है। दावा किया जा रहा है कि गलत तरीके से अर्जित की गई सम्पत्ति को पुलिस जल्द ही गैंगस्टर एक्ट के तहत कुर्क करेगी। एसीपी गोमतीनगर श्वेता श्रीवास्तव के मुताबिक शहीद पथ सेक्टर-एक निवासी दिलीप सिंह बाफिला के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज था। इस दौरान ही उस पर गैंगस्टर भी लग गया। इसकी विवेचना गोमतीनगर इंस्पेक्टर धीरज सिंह कर रहे हैं। इसी मामले में पुलिस को दिलीप के महानगर में होने की सूचना मिली थी। इसके बाद ही एसआई अतुल श्रीवास्तव और रणधीर ने दबिश देकर उसे पकड़ लिया। दिलीप सिंह मूल रूप से शक्तिनगर, इंदिरानगर का रहने वाला है।

## माई बार का लाइसेंस निरस्त, सील कर 3 एफआईआर, 10 बाउंसर गिरफ्तार

**लखनऊ।** लखनऊ के समिट बिल्डिंग स्थित माई बार में रविवार देर रात युवक-युवतियों के बीच हुई मारपीट और बवाल को कमिश्नरेट पुलिस ने काफी गम्भीरता से लिया। इसी कड़ी में सोमवार को समिट बिल्डिंग में माई बार के साथ ही दो अन्य बार को सील कर दिया गया। इतना ही नहीं आबकारी विभाग ने बार का लाइसेंस भी निरस्त कर दिया गया है। वहीं पुलिस कमिश्नर ने समिट बिल्डिंग में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम न हो जाने तक बार खोलने पर रोक लगा दी है। यही नहीं अस्थायी पुलिस बूथ सोमवार को ही खोल दिया गया। साथ ही यहां नई पुलिस चौकी का निर्माण भी शुरू कर दिया गया है। उधर विभूतिखंड पुलिस ने इस मामले में तीन अलग-अलग मुकदमे दर्ज कर आरोपियों की तलाश में कई जगह दबिश दी। साथ ही माई बार में बवाल न रोक पाने के आरोप में वहां के 10 बाउंसर को शांतिभंग करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है।



विभूतिखंड स्थित समिट बिल्डिंग के तेरहवें माले पर माई बार नाम से रेस्त्रां बार है। इसमें रविवार को कुछ युवक-युवतियां पार्टी करने गये थे। इनके बीच पार्टी के दौरान किसी बात पर विवाद हो गया। रेस्त्रां में झगड़ा करने के बाद ये लोग माई बार गेट और बिल्डिंग के बाहर खूब बवाल किया। इससे वहां अफरातफरी मची रही। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हुआ तो हड़कम्प मच गया। इस मामले में पुलिस को सख्त कार्रवाई के लिए कहा गया। **कई अफसर पहुंचे, खंगाली फुटेज**–पुलिस कमिश्नर डीके ठाकुर के आदेश पर सोमवार सुबह डीसीपी, एसीपी, इंस्पेक्टर समेत कई अफसर पहुंचे। इन लोगों ने समिट बिल्डिंग और रेस्त्रों में लगे सभी कैमरों की फुटेज खंगाली। इसमें कई युवक-युवतियों की पहचान की गई। इसके बाद ही पुलिस को एफआईआर दर्ज करने को कहा गया। **तीन बार सील**–समिट बिल्डिंग में माई बार को सील कर दिया गया है। इसके साथ ही यहां बने दो अन्य बार को भी पुलिस ने सील कर दिया है। इन सभी को निर्देश दिया गया है कि सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के बाद ही ये बार खोले जा सकेंगे। पुलिस अफसरों ने पूरी बिल्डिंग का निरीक्षण किया। इसके बाद ही कहा गया कि इस बिल्डिंग में सिर्फ बार को ही बंद रखा जायेगा बाकी दफ्तर व अन्य संस्थान खोले जा सकेंगे। **बार लाइसेंस निरस्त**–जिला आबकारी अधिकारी सुशील मिश्रा ने बताया कि माई बार का शराब का लाइसेंस निरस्त कर दिया गया है। पुलिस ने अन्य बार संचालकों को नोटिस दिया गया है कि वह अपने यहां इस तरह की स्थिति न आने दे।

**अस्थायी पुलिस चौकी बनी**–डीसीपी संजीव सुमन ने बताया कि मौके पर अस्थायी पुलिस चौकी बना दी गई है। इसमें पुलिसकर्मियों की तैनाती भी कर दी गई है। इसके साथ ही स्थायी पुलिस चौकी का निर्माण शुरू कर दिया गया है। इसके अलावा पुलिस ने बिल्डिंग में कुछ और कैमरे लगवाने की बात कही है। साथ ही विभूतिखंड इलाके के अन्य रेस्त्रां को भी अपने यहां सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम और कैमरे लगवाने को कहा गया है।

**बाउंसर को आठ दिन की जेल**–पुलिस ने आरोपी युवकों की तलाश में कई जगह दबिश दी। पर, कोई हाथ नहीं लगा। इस बीच पुलिस ने माई बार के आठ बाउंसर को शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। इन सभी को एसीपी की कोर्ट में पेश किया गया जहां से उन्हें आठ दिन के लिये जेल भेज दिया गया है। इस मामले में एक मुकदमा पुलिस की ओर से अज्ञात युवकों के खिलाफ, दूसरा मुकदमा मैनेजर राजेन्द्र मौर्य ने हमजा, रोहित सिंह व तीन लड़कियों के खिलाफ और तीसरा मुकदमा बाउंसर के खिलाफ शांति भंग करने का लिखा गया है।

मुख्तार अंसारी के बेटे की शादी की तस्वीरें देख

## विधायक अलका राय आहत, प्रियंका गांधी को लिखा पत्र

**गाजीपुर।** भाजपा नेता और गाजीपुर से विधायक अलका राय ने मुख्तार अंसारी और उनके बेटे अब्बास अंसारी को लेकर कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी को फिर पत्र लिखा है। अलका राय ने अब्बास की शादी को लेकर पंजाब और राजस्थान की कांग्रेस सरकारों को कठघरे में खड़ा किया है। अलका राय कांग्रेस पर मुख्तार अंसारी को बचाने का आरोप लगाती रही हैं। मुख्तार अंसारी पंजाब की जेल में बंद हैं। यूपी पुलिस कई बार पेशी के लिएउन्हें लेने गई लेकिन सफल नहीं हो सकी है।

अब नए पत्र में अलका राय ने लिखा कि आपके नेतृत्व में पंजाब और राजस्थान की सरकार ने मेरे पति के हत्यारे कुख्यात अपराधी मुख्तार अंसारी और उसके इनामिया बेटे अब्बास अंसारी को राज्य अतिथि का दर्जा दे रखा है। इसका प्रमाण अखबारों में छपी अब्बास



अंसारी की शादी की तस्वीरें हैं। इससे स्पष्ट है कि सरकारी संरक्षण में राजस्थान सरकार ने मुख्तार के इनामिया बेटे अब्बास की धूमधाम से शादी कराई। उन्होंने आगे लिखा कि प्रियंका जी ये तस्वीरें देखकर मुझे और मेरे परिवार को कष्ट हुआ। इससे पूर्व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी जी ने उत्तर प्रदेश की अदालतों में वांछित अपराधी मुख्तार अंसारी को लाने के लिए 32 बार अपने वाहन भेज चुके हैं लेकिन आप और आपकी पंजाब सरकार मुख्तार को बचाने में लगी है। एक महिला होने के नाते मुझे उम्मीद थी कि आप मेरे दर्द को समझेंगे। आप आए दिन अपराध और अपराधियों के खिलाफ दावे करती रहती हैं परन्तु इंसाफ मांग रही मुझ जैसी अनेकों पीड़िताओं का एक भी पत्र का न तो आपने जवाब देना उचित समझा और न ही हमें इंसाफ दिलाने की कोशिश की। उल्टे यह बात स्पष्ट है कि आप और आपकी सरकार पूरी तरह मुख्तार और उसके अपराध के पीछे खड़ी है।  इससे पहले भी प्रियंका गांधी को अलका राय बाहुबली विधायक मुख्तार अंसारी को बचाने का आरोप लगाते हुए पत्र लिख चुकी हैं। बीते दिनों कई मामलों में वांछित चल रहे मुख्तार के बेटे अब्बास की शादी की तस्वीरें वायरल होने के बाद से ही मुख्तार को लेकर कांग्रेस सरकार की मंशा पर सवाल भाजपा की ओर से उठाया गया था।

## सम्पादकीय

# मुश्किलें और जरूरत

संसद में केंद्रीय बजट के जरिए अर्थव्यवस्था को बल देने की जो कोशिशें हुई हैं, उनका जमीनी असर न केवल योजनाओं और बजट के क्रियान्वयन, बल्कि सरकार के भावी निर्णयों पर निर्भर करेगा। जो प्रयास मूलभूत ढांचे में निवेश या उद्योग जगत को प्रोत्साहित करने के लिए किए गए हैं, उनसे हम उम्मीद कर सकते हैं। बजट से भी जाहिर है, सरकार लोगों को मिल रही प्रत्यक्ष आर्थिक मदद के अभी तक के प्रयासों से संतुष्ट है और इसका बखान बजट में बखूबी हुआ है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने बजट में आत्मनिर्भर भारत पर जोर दिया है, तो कोई आश्चर्य नहीं। कोविड-19 महामारी का मुकाबला करने के लिए सरकार के 27.1 लाख करोड़ रुपये के आत्मनिर्भर भारत पैकेज से संरचनात्मक सुधारों को बढ़ावा मिला है। अब आम बजट में सरकार ने 64,180 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ आत्मनिर्भर स्वास्थ्य कार्यक्रम शुरू करने का प्रस्ताव रखा है। स्वास्थ्य ढांचा मजबूत करना कितना जरूरी है, यह हमने कोरोना के समय अच्छी तरह समझ लिया है। इसके अलावा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन भी जारी रहेगा। बहरहाल, जब सरकारी खजाना दबाव में है, तब आयकरदाताओं को वैसे भी राहत की ज्यादा उम्मीद नहीं थी। सरकार ने 75 साल या उससे अधिक उम्र के पेंशनभोगियों को कुछ राहत दी है। 135 करोड़ लोगों के देश में करीब छह करोड़ लोग आयकर रिटर्न दाखिल करते हैं, जबकि करीब तीन करोड़ लोग ही आयकर चुकाते हैं। मुश्किल समय में सरकार आयकर का दायरा बढ़ाने के लिए कुछ कर सकती थी। यह आयकर बढ़ाने का समय नहीं है, यह अन्य करों को बढ़ाने का भी समय नहीं है। ऐसे में, सरकार ने पेट्रोल पर 2.5 रुपये प्रति लीटर का अधिभार लगाया है, जबकि डीजल पर 4 रुपये। इससे पेट्रोल, डीजल की कीमतों को तीन अंकों में जाने और बने रहने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा, मतलब महंगाई बढ़ेगी। मोबाइल उपकरण पर कस्टम ड्यूटी बढ़ेगी, लेकिन इसका लाभ तभी है, जब देशी कंपनियां स्वयं पर्याप्त उपकरण बनाने लगें, वरना आज के समय में मोबाइल फोन को महंगा करने की दिशा में कोई भी निर्णय अनुकूल नहीं है। जब भारत को निर्यात बढ़ाने के लिए ज्यादा प्रयत्न करने हैं, तब आयात बढ़ाने के छोटे-मोटे उपाय भले किसी निजी कंपनी या उपभोक्ता के लिए फायदेमंद हों, लेकिन हमें व्यापकता में देश की आत्मनिर्भरता बढ़ाने के बारे में ज्यादा सोचना चाहिए। सस्ते घर की सुविधा, डूबते कर्ज का प्रबंधन, सरकारी बैंकों को पूंजी देने का प्रस्ताव, उज्ज्वला योजना का विस्तार, रेल व बस सेवा विस्तार, किसानों को फसल लागत से डेढ़ गुना मूल्य देने का इरादा इत्यादि अनेक प्रशंसनीय कोशिशें हैं। हम समझ सकते हैं, विनिवेश से भी सरकार पैसे जुटाना चाहती है, यह पुराना एजेंडा है। पिछले बजट में 2.1 लाख करोड़ रुपये विनिवेश से जुटाने का अनुमान था और इस बार 1.75 लाख करोड़ रुपये जुटाने का इरादा है, लेकिन यह एक ऐसा मोर्चा है, जहां सरकार को राजनीति और अनेक अड़चनों का सामना करना पड़ेगा। ग्रामीण विकास, रोजगार और सामाजिक क्षेत्र में सरकार के खर्च का बढ़ना तय है, अतः सरकार को इस दौर में वित्तीय घाटे की चिंता ज्यादा नहीं करनी चाहिए।

# तिब्बत पर अमेरिका का दांव

सतीश कुमार

जब अमेरिका और भारत के बीच द्विपक्षीय संबंधों की गति में तेजी आती है, तो चीन को पसीना आने लगता है। इसका मूल कारण तिब्बत है। चीन के क्रांतिकारी नेता माओत्से तुंग ने एक पंक्ति में तिब्बत की सामरिक अहमियत बता दी थी। उन्होंने कहा था कि तिब्बत दंत शृंखला है और चीन जिह्वा। जब तक दांत मजबूत हैं और बंद हैं तब तक चीन के लिए कोई खतरा नहीं है, लेकिन जैसे ही दंत शृंखला में सेंधमारी होगी, चीन की सुरक्षा खतरे में पड़ जाएगी।चीन के नजरिये से देखें तो तिब्बत उसकी सुरक्षा के लिए सबसे अहम है। वर्ष 2008 में चीन की केंद्रीय सैन्य कमान कहा था कि चीन की बुनियादी सुरक्षा तिब्बत पर टिकी है, ताइवान और हांगकांग बाद में आते है। 2018 में राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने भी यही बात दुहरायी थी।

जब चीन को लगने लगा कि तिब्बत के इर्द-गिर्द बहुत कुछ बदल रहा है तो उन्होंने भारत के साथ सीमा संघर्ष की शुरू कर दिया। तिब्बत की अहमियत केवल तिब्बत तक सीमित नहीं है, बल्कि उसका दायरा पूरे दक्षिण और पूर्व एशिया के लिए भी अहमियत रखता है। ब्रह्मपुत्र, यांगक्सी और इंडस जैसे नदियां तिब्बत के मुहाने से निकलती हैं और लगभग आधे से अधिक एशियाई देशों से गुजरती हैं। इसलिए अमेरिका द्वारा बनाया गया तिब्बत कानून का महत्त्व भारत और एशियाई देशों के लिए भी उतना ही अहम है, जितना कि तिब्बत के लिए।

सन 1949 में माओत्से तुंग ने कहा था कि जो भी देश तिब्बत के पठार को अपने कब्जे में कर लेता है हिमालय के तटवर्ती देश उसी के प्रभाव में होंगे और वही एशिया का मसीहा होगा। शी जिनपिंग की सोच भी यही है। चीन पहले से ही तिब्बत, लद्दाख, सिक्किम, नेपाल और भूटान को हाथ की पांच अंगुलियां मानता है। भारत के प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने 1965 में दलाई लामा की सरकार को भारत में मान्यता दी थी। लेकिन 2003 में भारत ने जब यह मान लिया था कि तिब्बत चीन का अभिन्न अंग है, उसके बाद से ही चीन तिब्बती संग्रहालय के हवाले यह बात साबित करने में जुट गया कि अरुणाचल प्रदेश तिब्बत का दक्षिणी हिस्सा है। जबकि दुनिया जानती है कि 1911 में मांचू साम्राज्य के पतन के बाद तिब्बत 1912 से लेकर 1949 तक एक स्वतंत्र देश था। भारत की सीमा कभी भी चीन से नहीं मिलती थी, वह तिब्बत से मिलती थी। मैकमोहन रेखा समझौते में भी तिब्बत एक आजाद देश के रूप में था।

तिब्बत के मुद्दे पर अमेरिका फिर से चीन को घेरने में लग गया है। ऐसी ही कोशिश 2018 में भी की गई थी। प्रश्न यह उठता है कि क्या सच में अमेरिका दलाई लामा की खंडित प्रतिष्ठा को स्थापित करना चाहता है या यह महज एक नौटंकी है जो अंतराष्ट्रीय दंगल में एक दूसरे को परेशान के लिए की जाती है। ऐसा इसलिए है क्योंकि साठ के दशक से लेकर आज तक तिब्बत को लेकर अमेरिका की कोई स्थायी नीति नहीं



रही है। समय और परिस्थिति के साथ नियम बदलते रहे हैं। एक वक्त था जब दलाई लामा को अमेरिका सहित पूरे यूरोप में सबसे पसंदीदा शख्सियत के रूप में देखा जाता था। उस समय अमेरिका ने चीन के साथ अपने संबंधों की शुरूआत कर दलाई लामा की योजना को खटाई में डाल दिया था। पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप चीन के साथ अपने रिश्तों को लेकर काफी विवादास्पद रहे। पिछले दिनों अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी विदाई से पहले तिब्बत को लेकर विवादित विधेयक रेसीप्रोकल एक्सेस टू तिब्बत एक्ट- 2018 पर दस्तखत कर इसे कानून बना दिया था। इसके पारित होने से चीनी आधिपत्य वाले इस इलाके में अमेरिकी अधिकारियों व नागरिकों के प्रवेश का रास्ता खुल गया है। चीन ने इसका कड़ा विरोध किया है। चीन शुरू से इसका विरोध करता रहा है, क्योंकि इस क्षेत्र पर वह अपना अधिकार मान कर अपनी मर्जी से किसी भी देश के राजनयिकों को प्रवेश देता है। चीन इसलिए परेशान है क्योंकि इस कानून से उन चीनी अधिकारियों पर वीजा पाबंदी लगाने का मार्ग प्रशस्त हो जाएगा जो अमेरिकी नागरिकों, सरकारी अधिकारियों और पत्रकारों को तिब्बत के निर्वासित आध्यात्मिक गुरु दलाई लामा के गृह क्षेत्र (तिब्बत) में जाने की अनुमति नहीं देते हैं। यह कानून अमेरिका के राजनयिकों, अधिकारियों, पत्रकारों और अन्य को तिब्बत में जाने का मार्ग प्रशस्त करता है। ट्रंप ने यह कदम ऐसे वक्त में उठाया जबकि चीन इस संबंध में कानून पारित करने को लेकर अमेरिका से सख्त कूटनीतिक प्रतिरोध जता चुका था। उसने अमेरिका से इस सिलसिले में कानून नहीं बनाने का अनुरोध किया था। चीन का कहना है कि तिब्बत सदियों से उसका हिस्सा रहा है। चीनी शासन के खिलाफ विफल विद्रोह के बाद दलाई लामा 1959 में भारत पलायन कर गए थे।

तिब्बत का मुद्दा अमेरिका और चीन के बीच समुद्री लहरों की तरह कभी ऊपर उठता है, तो कभी अचानक गुम हो जाता है। दूसरा महत्त्वपूर्ण आयाम भारत की भूमिका और तिब्बत के सामरिक महत्त्व को लेकर है। जब अमेरिका और भारत के बीच द्विपक्षीय संबंधों की गति में तेजी आती है, तो चीन को पसीना आने लगता है। इसका मूल कारण तिब्बत है। चीन के क्रांतिकारी नेता माओत्से तुंग ने एक पंक्ति में तिब्बत की सामरिक अहमियत बता दी थी। उन्होंने कहा था कि तिब्बत दंत शृंखला है और चीन जिह्वा। जब तक दांत मजबूत हैं और बंद हैं तब तक चीन के लिए कोई खतरा नहीं है, लेकिन जैसे ही दंत शृंखला में सेंधमारी होगी, चीन की सुरक्षा खतरे में पड़ जाएगी। चीन की सामरिक सोच यह रही है कि तिब्बत पर अमेरिका अपने बूते उसे कोई भी बड़ा नुकसान नहीं पहुंचा सकता। अमेरिका चीन से बहुत दूर है।

पचास के दशक में अमेरिका ने खंपा विद्रोहियों को हवा देकर तिब्बत को स्वतंत्र करने का असफल प्रयास किया था। पंडित जवाहर लाल नेहरू के चीन प्रेम या कहें गुटनिरपेक्षता ने अमेरिकी पहल को भारत का समर्थन मिलने की राह बंद कर दी थी, इसलिए यह प्रयास असफल हो गया था। चीन मानता है कि भारत के पास इतना भी दम-खम नहीं है कि वह तिब्बत को आजाद करा सके। लेकिन चीन की बेचैनी उस वक्त बढ़ जाती है जब भारत और अमेरिका एक साथ खड़े दिखाई देते हैं। तब उसे लगने लगता है कि तिब्बत खतरे में है और उसकी सुरक्षा को भेदा जा सकता है। लेकिन यहां अहम प्रश्न यह है कि अमेरिका चीन के विरुद्ध इस मोर्चे पर सचमुच गंभीर है या यह महज दिखावटी क्रोध है। अभी तक अमेरिका चीन के खिलाफ एक कार्ड के रूप में तिब्बत का उपयोग करता रहा है। 1950 से 1972 तक शीत युद्ध के दौरान अमेरिका की मंशा साम्यवादी खेमे की घेरेबंदी करने की थी, क्योंकि उसे डर था कि चीन तिब्बत को अपने कब्जे में लेकर साम्यवाद का प्रसार पूरे दक्षिण एशिया और दक्षिण पूर्व एशिया में करेगा। 1973 में निक्सन और किसिंजर की जोड़ी ने चीन के साथ कूटनीतिक संबंध स्थापित कर वैश्विक राजनीति की धारा ही मोड़ दी। चीन को पूर्व सोवियत संघ के विरुद्ध इस्तेमाल करने की जोर अजमाइश की जाने लगी। इस तरह तिब्बत का मसला खटाई में पड़ गया। लेकिन वियतनाम की घटना के बाद तिब्बत का मुद्दा अमेरिका में फिर उछला। इस बार सामरिक सोच कम, मानवाधिकार हनन का दंश ज्यादा हावी रहा।

दूसरा बड़ा परिवर्तन यह हुआ कि तिब्बत का मुद्दा अमेरिका की सरकारी फाइलों से निकल कर सार्वजनिक रूप ले चुका था। कई बड़े हॉलीवुड अभिनेता, लेखक और सांसद तिब्बत और दलाई लामा के मुरीद बन गए। इस बीच शीत युद्ध खत्म गया। अंतरराष्ट्रीय समीकरण तेजी से बदलने लगे। चीन आर्थिक रूप से मजबूत होता गया। उसे नाराज करना किसी भी देश के लिए कठिन हो गया। अमेरिका ने भी चुप्पी साध ली। भारत और अमेरिका की मिलीभगत तिब्बत के मुद्दे पर बन सकती है। इसमें दोनों देशों का हित है। लेकिन अहम प्रश्न यह है कि अमेरिका तिब्बत को एक कार्ड के रूप में आखिरकार कब तक इस्तेमाल करता रहेगा।

## चिंता

# आर्थिक विषमता चिंताजनक

सतीश सिंह



यूएनडीपी और डेनवर विश्वविद्यालय के एक अध्ययन के मुताबिक कोरोना महामारी के गंभीर दीर्घकालिक परिणामों के चलते वर्ष 2030 तक 20 करोड़, 70 लाख लोग गरीबी की चपेट में आ सकते हैं। इससे दुनियाभर में बेहद गरीब लोगों की संख्या एक अरब पार कर जायेगी। इसके विपरीत दुनिया के 10 शीर्ष अमीरों ने कोरोना काल में इतनी ज्यादा दौलत कमाई है, जिससे दुनिया की गरीबी खत्म हो सकती है।

ऑक्सफेम की एक रिपोर्ट के अनुसार, 18 मार्च से 31 दिसंबर, 2020 के दौरान दुनिया के 10 शीर्ष अरबपतियों की संपत्ति में 540 बिलियन डॉलर का इजाफा हुआ है, वहीं 20 करोड़ से 50 करोड़ लोग गरीब हो गये। शिक्षा, स्वास्थ्य और बेहतर जीवन जीने के आमजन के अधिकारों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। ऑक्सफेम की इस रिपोर्ट को विश्व आर्थिक मंच के दावोस संवाद के पहले दिन जारी किया गया। ऑक्सफेम के सर्वेक्षण को विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक बैठक में विशेष तवज्जो दिया जाता है।

रिपोर्ट के अनुसार, एक मजदूर की तीन साल की कमाई के बराबर मुकेश अंबानी एक सेकेंड में कमाई कर रहे हैं। कोरोना महामारी के दौरान मुकेश अंबानी को एक घंटे में जितनी कमाई हुई, उतना कमाने में एक अकुशल मजदूर को 10 साल लग जायेंगे। भारत के 100 अरबपतियों की दौलत में 12,97,822 करोड़ रुपये की वृद्धि कोरोना काल में हुई है। इस राशि से देश के 13.8 करोड़ गरीबों में से प्रत्येक को 94,045 रुपये दिये जा सकते हैं। ऑक्सफेम के मुताबिक कोरोना महामारी के कारण 1930 की महामंदी के बाद सबसे बड़ा आर्थिक संकट पैदा हुआ है।

ऑक्सफेम की रिपोर्ट के अनुसार, दुनियाभर में गरीबी के संजाल से निकलना आसान नहीं होगा। इस रिपोर्ट में अमीरों की मानसिकता पर भी सवाल उठाये गये हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि तार्किक रूप से एवं इंसानियत के नाते गरीबों का शोषण समीचीन नहीं हो सकता है, क्योंकि गरीबों की एक बड़ी आबादी भुखमरी के कगार पर आ गयी है। हालत ऐसे हैं कि एक दिन भी काम नहीं मिलने पर उन्हें भूखे पेट रात गुजारनी होगी। ऑक्सफेम का कहना है कि सरकार कॉरपोरेट्स से बहुत ही कम कर वसूल रही है, जिससे राजस्व संग्रह कम हो रहा है। अमीर वर्ग अपनी संपत्ति पर केवल 0.5 प्रतिशत की दर से अगले 10 सालों के लिए अतिरिक्त कर का भुगतान करे, तो यह बुजुर्गों व बच्चों की बेहतरी, शिक्षा व स्वास्थ्य जैसे क्षेत्र में 11.7 करोड़ रोजगार के मौके देने के बराबर निवेश होगा।

ऑक्सफेम ने कहा कि वैश्विक और भारतीय अर्थव्यवस्था अमीरों को और ज्यादा संपत्ति जुटाने में सक्षम बना रही है, जबकि करोड़ों लोग दो वक्त की रोटी का इंतजाम नहीं कर पा रहे हैं। वर्ष 2010 के बाद से अरबपतियों की संपत्ति में औसतन 13 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि हुई, जो सामान्य कामगारों के वेतन की तुलना में छह गुना ज्यादा है। विश्व के अधिकांश देशों में अमीरों के अनुकूल नीतियां बनायी जा रही हैं, जबकि सरकारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि अर्थव्यवस्था में सभी का विकास हो और सरकार श्रम आधारित क्षेत्रों को प्रोत्साहित कर समावेशी वृद्धि को बढ़ावा देने, कृषि में निवेश करने और सामाजिक योजनाओं का प्रभावी तरीके से क्रियान्वयन करने के लिए प्रयास करे। ऑक्सफैम के मुताबिक 2015 से विश्व के एक प्रतिशत अमीरों के पास दुनिया के बाकी लोगों से अधिक संपत्ति है। प्रसिद्ध अर्थशास्त्री ज्यां द्रेज की मानें तो देश के कुछ राज्य मसलन बिहार, झारखंड, ओडिशा, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश आदि कुपोषण की समस्या से बुरी तरह से त्रस्त हैं। गरीबी की वजह से इन राज्यों में कुपोषण में इजाफा हो रहा है। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार देश में 472 मिलियन में से 97 मिलियन बच्चे कुपोषण से ग्रसित थे। कुपोषण से बच्चों में बीमारियों से लड़ने की क्षमता या प्रतिरोधक क्षमता धीरे-धीरे कमजोर पड़ने लगती है। बच्चा खसरा, निमोनिया, पीलिया, मलेरिया आदि बीमारियों की गिरफ्त में आकर दम तोड़ देता है।

ग्रामीण भारत में लगभग 83.13 करोड़ लोग निवास करते हैं और यहां रोजगार के रूप में कृषि को छोड़कर कोई दूसरा विकल्प नहीं है। कुटीर एवं मझौले उद्योग का अभाव है, इससे कृषि क्षेत्र में छद्म रोजगार की स्थिति बनी हुई है। एक आदमी के काम को कई लोग मिलकर कर रहे हैं। खेती-किसानी में दो वक्त की रोटी का इंतजाम करना मुश्किल हो गया है। खेती-किसानी के दौरान रोजमर्रा के कार्यों को पूरा करने लिए किसानों को वित्तीय मदद की जरूरत होती है, जिसके लिए उन्हें अक्सर महाजन की शरण में जाना पड़ता है। लगभग 130 करोड़ आबादी वाले इस देश में अधिकांश लोगों के घर का सपना पूरा नहीं हो पा रहा है। जीवन-काल में ऐसे लोगों का आशियाना सड़क, फुटपाथ, पार्क, गांव के निर्जन इलाके आदि होते हैं। वर्तमान में भारतीय अर्थव्यवस्था कोरोना महामारी से तहस-नहस हो गयी है। सभी प्रमुख क्षेत्रों के प्रदर्शन में गिरावट है। रोजगार के अवसर कम हो रहे हैं। सरकार के राजस्व में कमी आ रही है। अर्थव्यवस्था में मंदी को दूर करने के लिए अंतिम उपभोग व्यय को बढ़ाने की बात कही जा रही है, लेकिन हाथ में पैसे नहीं होने की वजह से लोगों के हाथ बंधे हुए हैं। ऐसे में जरूरत है कि ऑक्सफेम की ताजा रिपोर्ट पर संवेदनशीलता दिखाते हुए सरकार गरीबों एवं अमीरों के बीच बढ़ती हुई खाई को पाटने के लिए कारगर उपाय करे, अन्यथा आनेवाले दिनों में यह और भी चौड़ी होगी, जो आम आदमी और भारत जैसे लोक-कल्याणकारी देश के लिए सही नहीं होगा।

## व्यंग्य

# निलंबित कुर्सी का तोहफा



निलंबित कुर्सी की बात तो गली के कुत्तों को भी हजम नहीं हो रही है, वह भी घास खाकर पचाने की कोशिश कर रहे हैं। जो आदेश की पीपुड़ी बजाते थे वह आज साइड टू लाइन हो गए , कार्य शैली का मिजाज तो मौसम की भांति हो चला है कब किस पर मेहरबान हो जाए? और कब किस पर बिजली गिर जाए? कुछ कहा नहीं जा सकता निलंबित अभियंता प्रमोट होकर इंजीनियर की कुर्सी का सरताज हो गया है। आजकल कार्य के तौर तरीकों में अपना ही आनंद है, कुर्सी घुमाने से लेकर ऊपर नीचे कब किसे कहां बैठना है? एसी रूम के सामान्य बातें हो चली हैं वैसे तो प्रशासनिक फेरबदल निरीक्षण के तराजू के बाद से तय होता है पर यहां तो अपने ही बात से तय हो रहा है लापरवाह अफसरों की तो बैंड बाजा बारात आ गई कब किस की प्लेट सज गई और चाचा मामा के लड़के बन उन पर टूट पड़े कुछ कहा ही नहीं जा सकता वैसे भी निलंबित कुर्सी के चर्चे आजकल जुबा केसरी हो चले हैं जिंदगी में मजा तो सिर्फ कुर्सी का है साहब! अपने जमीर को मक्खन लगाते रहिए और कहते हैं चलिए कि इसे पाना आसान नहीं और दुर्भाग्यवश मिल भी गया तथा पांच उंगली घी में हाल हलवाई की भांति होगा , दुकान में कितनी भी अवैध मक्खियां और चीटियां हो पर वह अगर कह दे तिल और मावा है तो मानना होगा क्योंकि दुकान नुमा ऑफिस में उसकी तूती बोलती है, परिवर्तन का नाम जिंदगी है कभी-कभी निलंबित कुर्सी की भूल तोहफा भी है।

**कवि कुमार प्रिंस रस्तोगी**
**लखनऊ,उत्तर प्रदेश**

## आज का युवा



जब तक आज का युवा
बेरोजगार रहेगा
किसी ना किसी भीड़ का
हिस्सा बनता रहेगा
कभी उसका इस्तेमाल रैलियों में,
कभी धरने में, कभी जुलूस में
कठपुतली की तरह
उसको इस्तेमाल किया जाता रहेगा
जब तक आज का युवा
बेरोजगार रहेगा
उसकी आंखों पर पट्टी बांधकर
उसको भीड़ का हिस्सा
बनाया जाता रहेगा
कभी चंद सिक्कों का लालच दे कर
इनका आका अपना उल्लू
सीधा करता रहेगा,
जब तक आज का युवा
बेरोजगार रहेगा
मर्ग तृष्णा का शिकार बन
अपना भविष्य दांव पर लगा
गुमराह होता रहेगा
जब तक आज का युवा
बेरोजगार रहेगा।।

**कमल राठौर साहिल**
**शिवपुर मध्य प्रदेश**

## मैं अकेला रह गया

मेरा जीवन साथी छोड़ गया
मुझसे अब मुंह मोड़ गया
अब न होगी कभी मुलाकातें



यादों में गुजरेगी अब सारी रातें
दिन तो किसी तरह बीत जाएगा
घर मुझे अब काटने को आएगा
कैसे भूल पाऊंगा वो महक
जो तेरे आने से घर में छाई थी
तेरे आने से घर में आई थी बहारें
ज़िन्दगी में खुशियां आई थी
जिंदगी के ऐसे मोड़ पर क्या यूँ
कोई अकेला छोड़ कर जाता है
हर जगह तलाशती हैं नज़रें तुझे
अब दिल मेरा बहुत घबराता है
जानता हूँ मैं कि तुम अब नहीं हो
फिर भी यह दिल कहता है
तुम दूर नहीं हो मुझसे
तुम यहीं हो यहीं कहीं हो
हर पल तुम्हारा ख्याल रहता है
कहाँ ढूंढूं कहाँ जाऊं मैं
कहाँ तुम्हें आवाज लगाऊं मैं
तन्हाइयों में अक्सर रोता हूँ
भूलना चाहता हूँ पर भूल न पाऊं मैं
तुझसे मुलाकात अब नहीं होगी
कोई बात तुझसे अब नहीं होगी
कैसे गुजरेगी यह ज़िन्दगी तुम बिन
खुशियों की अब बरसात नहीं होगी
लोगों का हुजूम उमड़ा
सांत्वना दी बहुत कुछ कह गया
इस भरी दुनियां में
अब मैं अकेला रह गया

**रवींद्र कुमार शर्मा**
**घुमारवीं**
**जिला बिलासपुर हि प्र**

## कहीं मायूसी तो कहीं उम्मीदें

कोरोना संक्रमण-काल में जिस तरह के ऐतिहासिक बजट की उम्मीद की जा रही थी, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण उस पर पूरी तरह से खरी नहीं उतर सकीं। यह एक औसत बजट है, जिसमें तमाम तरह के वादे तो किए गए हैं, लेकिन उन वादों को पूरा करने का कोई ठोस रोडमैप पेश नहीं किया गया है। हालांकि, सरकार कोरोना महामारी से पैदा आर्थिक संकट से उबरने की कुछ कोशिश करती दिख रही है। बजट का एक खास पक्ष यह भी है कि ज्यादातर घोषणाओं को इस साल नहीं, बल्कि अगले कुछ वर्षों में पूरा किया जाएगा। सदन में सरकार ने यह भी कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बेहतर बनाया जाएगा, लेकिन इसे सीधे-सीधे फायदा पहुंचाने वाली किसी भी योजना का जिक्र बजट में नहीं है। यह अच्छी बात है कि सरकार ने इस बार स्वास्थ्य क्षेत्र पर ज्यादा जोर दिया है। बीते साल के 94 हजार करोड़ रुपये के मुकाबले 2021-22 में 2.23 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इससे भले ही सरकारी खजाने पर बोझ बढ़ता हो, लेकिन सच यही है कि जान की कोई कीमत नहीं होती। मगर इसमें भी एक पेच है। यह अनुमान काफी पहले से लगाया जा रहा था कि इस साल राजकोषीय घाटा बढ़ेगा और यह सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 5.8 प्रतिशत हो सकता है, लेकिन बजट में इसके 9.5 फीसदी होने की बात कही गई। यह काफी चिंताजनक स्थिति है। इसका अर्थ यह है कि कहीं न कहीं अधिक खर्च किए जा रहे हैं। संभव है, यह महामारी थामने के नाम पर ही हो रहा हो। सरकार यह कहकर अपनी पीठ ठोक रही है कि पूंजीगत व्यय में उसने अच्छी-खासीबढ़ोतरी की है। कहा गया है कि इस वर्ष 4.39 लाख करोड़ रुपये पूंजीगत व्यय पर खर्च किए जाएंगे, जबकि अगले साल के लिए 5.54 लाख करोड़ रुपये खर्च का अनुमान लगाया गया है। इसका अर्थ है कि इसमें सिर्फ पांच फीसदी की वृद्धि की गई है, जो हमारी विकास दर को शायद ही गति दे सकेगी। इससे हमारी अर्थव्यवस्था पटरी पर नहीं लौट सकती। हमारा निवेश-जीडीपी अनुपात भी लगातार लुढ़क रहा है। यह अनुपात 34 फीसदी से घटकर 28.3 फीसदी हो गया है। चूंकि कल के बजट में सरकार की तरफ से निवेश बढ़ाने को लेकर कुछ ठोस नहीं कहा गया है, इसलिए चिंता यही है कि आने वाले दिनों में इसमें और गिरावट आ सकती है।

## मौन (लघु कथा)



रूपवती गुणवती सुशील और चंचल अदाओं से परिपूर्ण स्नेहा को देखते ही मयंक ने शादी के लिए हां कर दिया ।सारी बातें हो जाने के बाद बात दहेज पर आकर अटक गई। मयंक के घर वालों ने शादी में मोटी रकम के साथ ही गाड़ी की भी मांग स्नेहा के पिताजी से कर दिया। स्नेहा के पिता ने उनकी मांग के अनुसार व्यवस्था कर दिया पर फिर भी मयंक के घर वालों का मन खुश नहीं था। शादी के बाद स्नेहा अपने ससुराल चली गई। कुछ दिन तो सब कुछ ठीक रहा पर अचानक से उसके ससुराल वालों का व्यवहार उसके प्रति बदलने लगा ।उसके ससुराल वाले बात-बात पर उसके साथ अत्याचार करने लगे। पहले तो स्नेहा ने इसका विरोध किया पर जब विरोध ना कर पाई तो धीरे-धीरे उसे अपनी किस्मत मान कर मौन सी हो गई ।अब कोई उसके साथ कुछ भी करें वह कोई प्रतिउत्तर नहीं देती। वह अल्हड़, चंचल अदाओं से परिपूर्ण स्नेहा जैसे मर गई हो और उसका पुनर्जन्म हो गया।

**स्वरचित, अप्रकाशित एवं मौलिक रचना**
**लेखिका /रचनाकार- रीता तिवारी रीत-**
**शिक्षा- एमए समाजशास्त्र, बीएड, सीटीईटी उत्तीर्ण संप्रति- अध्यापिका, स्वतंत्रत लेखिका एवं कवयित्री**
**पिता का नाम- श्री अवधेश तिवारी**
**मऊ उत्तर प्रदेश से**



शत्रुघ्न सिन्हा ने बताया

# आखिर क्यों हुई थी अमिताभ और राजेश खन्ना संग उनकी अनबन?





80 और 90 के दशक में अमिताभ बच्चन, राजेश खन्ना, विनोद खन्ना समेत कई सेलेब्स सिल्वर स्क्रीन पर राज करते थे। एक ओर सेलेब्स को स्टारडम मिल रहा था तो दूसरी ओर एक-दूसरे के बीच अनबन भी होती थी। उस समय कुछ सेलिब्रिटीज ऐसे थे जो कॉन्ट्रोवर्सी में भी रहे, लेकिन इनमें से सबसे ज्यादा चर्चा अमिताभ बच्चन, राजेश खन्ना और शत्रुघ्न सिन्हा के बीच होने वाली अनबन को लेकर हुई। शत्रुघ्न सिन्हा की दोनों ही एक्टर्स के साथ अनबन हुई थी। राजेश खन्ना ने तो लंबे समय तक उनसे बात तक नहीं की थी। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान शत्रुघ्न सिन्हा ने अमिताभ बच्चन और राजेश खन्ना संग हुई अनबन और बातचीत न होने को लेकर खुलकर बात की। शत्रुघ्न सिन्हा ने कहा, ह्हम दोनों एक चुनाव में एक-दूसरे के विप्रीत खड़े हुए थे। राजेश काफी नाराज थे, यह जानकर कि मैं उनके सामने वाली पार्टी से खड़ा हो रहा हूं। सच कहूं तो मैं नहीं चाहता था, लेकिन एल के आडवाणी जी को मैं इनकार नहीं कर पाया। मैंने इस चीज को लेकर राजेश को समझाने की कोशिश की, लेकिन उन्हें यह पसंद नहीं आया। हम दोनों ने फिर काफी लंबे समय तक एक-दूसरे से बात नहीं की ह्व गौरतलब है कि राजेश खन्ना ने साल 1984 में राजनीति में कदम रखा था। इसके बाद साल 1992 में वह दोस्त शत्रुघ्न सिन्हा के सामने वाली पार्टी से चुनाव लड़े थे। राजेश खन्ना इसमें करीब 25 हजार वोटों से जीते थे। शत्रुघ्न सिन्हा ने आगे कहा कि जब राजेश खन्ना अस्पताल में थे तो मैं वहां उनसे मिलने जाना चाहता था। उन्हें गले लगाना चाहता था, लेकिन एक्टर का निधन हो गया, इससे पहले कि मैं उनसे इन सभी चीजों के लिए मिल पाता। रही बात अमिताभ बच्चन की तो वह कभी मेरे दुश्मन नहीं रहे, बल्कि कॉम्पटीटर रहे। मेरे अंदर अमिताभ बच्चन के खिलाफ कुछ भी नहीं है। मैंने उन्हें तब संभाला है, जब वह करियर में ऊचाइयां छू रहे थे। इस दौरान मैंने उन्हें केवल प्यार, इज्जत और स्नेह दिया है। मालूम हो कि शत्रुघ्न सिन्हा जल्द ही बॉलीवुड इंडस्ट्री में सिल्वर स्क्रीन पर वापसी कर सकते हैं। इंटरव्यू के दौरान उन्होंने बताया कि वह इस समय कई स्क्रिप्ट्स पढ़ रहे हैं, जल्द ही बड़ी घोषणा करेंगे।

भाग्यश्री के बेटे अभिमन्यु दसानी बोले-

# फैन्स अभी भी मां को मैंने प्यार किया की सुमन बुलाते हैं

बॉलीवुड एक्ट्रेस भाग्यश्री और सलमान खान की फिल्म मैंने प्यार किया फेम सुमन के बेटे अभिमन्यु दसानी ने बॉलीवुड इंडस्ट्री में कदम रखा है। इन्होंने फिल्म मर्द को दर्द नहीं होता से डेब्यू किया। इस फिल्म के लिए इन्होंने खून-पसीना एक किया, साथ ही कई चोटे भी खाईं। दुख की बात इस फिल्म के साथ यह रही कि इसके रिलीज होने में काफी देरी हुई। अभिमन्यु बोले, ह्मैंने खुद को सहनशील इंसान बनाया। जब फिल्म रिलीज हुई थी तो हम में से किसी को भी फिल्म के रिलीज होने का तरीका पसंद नहीं आया था। हालांकि, यह फिल्म ऑडियंस तक अच्छा मैसेज पहुंचाने में सक्सेसफुल हुई। खुशी इस बात की थी कि फिल्म के रिलीज होने पर तो दर्शकों की नजर हमारी फिल्म पर नहीं गई, बाद में कुछ महीनों बाद इसे सराहा जाने लगा ह्व अभिमन्यु आगे कहते हैं कि मैंने एक्टिंग फिल्म करने के दौरान सीखी। वासन सर, (फिल्म के डायरेक्टर) मेरे लिए स्कूल ऑफ एक्टिंग रहे। फिल्म के लिए मुझे जो भी क्रेडिट मिला, मैं वह सब सर को डेडिकेट करना चाहता हूं। अगर आगे वह कोई फिल्म बनाते हैं तो मैं उस फिल्म का हिस्सा रहना पसंद करूंगा, फिर वह चाहे कोई भी रोल क्यों न हो। असिसटेंट डायरेक्टर होना भी मुझे चलेगा। अभिमन्यु खुश हैं कि मां भाग्यश्री के 30 साल के फिल्मी करियर का हिस्सा वह भी बन पाए। अभिमन्यु, मां भाग्यश्री के किरदार सुमन को याद करते हुए कहते हैं कि आज भी कई लोग मेरी मां को सुमन कहते हैं, जिसका किरदार मां ने फिल्म मैंने प्यार किया में निभाया था। मुझे अच्छा लगता है कि जब लोग मुझे फिल्म के रोल सूर्य से बुलाते हैं। उम्मीद करता हूं कि फिल्म निकम्मा के बाद मेरे किरदार में बदलाव देखने को मिले।





## यामी ने अपने बॉलीवुड के सफर को किया याद

बॉलीवुड अभिनेत्री यामी गौतम ने टेलीविजन कॉमर्शियल के दिनों से हिंदी सिनेमा तक के अपने मौजूदा सफर को याद किया है। हाल ही में उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक थ्रोबैक तस्वीर पोस्ट की। शेयर तस्वीर में वह



असिन के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करते नजर आ रही हैं। यामी ने कहा कि इस तस्वीर को देखकर खुशी महसूस होती है। यह मेरा जन्मदिन था और मेरी मां दूर बैठी हुई थी और सुबह से मेरा काम देख रही थी। तस्वीर में वह असिन के साथ बैकग्राउंड आर्टिस्ट के रूप में टीवीसी के लिए शूटिंग कर रही हैं। यामी साड़ी पहनी हुई हैं। वर्कफ्रंट की बात करें, तो यामी ने अपनी आगामी हॉरर कॉमेडी फिलक भूत पुलिस की शूटिंग पूरी कर ली है। फिल्म के सह-कलाकार सैफ अली खान, जैकलीन फनार्डीज, अर्जुन कपूर और जावेद जाफरी हैं और इसका निर्देशन पवन कृपलानी ने किया है।

## दलेर मेहंदी ने नई पीढ़ी को बताया हजार गुना बेहतर

गायक दलेर मेहंदी का कहना है कि उन्हें संगीत उद्योग में 26 साल पूरे हो गए हैं और इतने सालों में उन्होंने संगीत को काफी अच्छे तरह से जाना है। दलेर ने कहा कि इतने सालों में मैंने इंडस्ट्री को पागल होते देखा है। वे किसी भी तरह के गाने और रीमिक्स बनाने के बारे में कुछ भी करने की कोशिश कर रहे हैं। लता मंगेशकर, श्रेया घोषाल और सुनिधि चौहान जैसी महिला आवाजें ऐसी खूबसूरत आवाजें हैं। लेकिन अब महिलाए पुरुषों की आवाज में गा रही हैं और पुरुष महिलाओं की आवाज में गा रहे हैं। किसी गीत का कोई सिर या पूंछ नहीं है, यह सच है। उन्होंने आगे कहा कि अब संगीत फिर से बदलना शुरू हो गया है और यह अच्छा है। शो में जो बच्चे गा रहे हैं, वे कितने अच्छे हैं और जो जज सामने बैठे हैं, उन्हें कुछ समझ में नहीं आ रहा है। प्रतिभागी उनसे एक हजार गुना बेहतर हैं। संगीत अब अच्छा है। नई पीढ़ी बहुत अच्छी है।

## कपिल शर्मा की पत्नी गिन्नी के मां बनने के बाद सामने आई बेबी शॉवर की फोटो, बेटी अनायरा संग यूं दिया पोज

कॉमेडियन-एक्टर कपिल शर्मा की पत्नी गिन्नी दूसरी बार मां बनी हैं। उन्होंने सोमवार सुबह बेटे को जन्म दिया है। कपिल और गिन्नी को सेलेब्स और फैन्स की तरफ बधाइयां मिल रही हैं। इस बीच गिन्नी की बेबी शॉवर की एक फोटो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल ही रही है। इस तस्वीर को जमकर लाइक और शेयर किया जा रहा है। फोटो में गिन्नी बेटी अनायरा के साथ काउच पर बैठी नजर आ रही हैं। दोनों ने मैंचिंग कलर के आउटफिट पहने हुए हैं। गिन्नी ने सिर पर फ्लॉवर क्राउन पहन रखा है और हाथ में बेबी शेप्ड एक बलून पकड़ रखा है। तस्वीर में गिन्नी का बेबी बंप भी नजर आ रहा है। कपिल शर्मा ने दूसरी बार पिता बनने की जानकारी सोमवार सुबह को सोशल मीडिया के जरिए फैन्स को दी थी। उन्होंने ट्वीट करते लिखा, र्नमस्कार, आज सुबह हमें भगवान के आशीर्वाद के रूम में एक बेटा मिला है, ईश्वर की कृपा से बच्चा और मां दोनों स्वस्थ हैं, आपके प्यार और दुआओं के लिए सभी का शुक्रिया। बता दें कि कपिल शर्मा ने गिन्नी चतरथ की प्रेग्नेंसी को शुरूआत में काफी सीक्रेट रखा था। लेकिन बाद में खुद उन्होंने इसका खुलासा भी कर दिया था।



## आयुष्मान खुराना की फिल्म आने वाली फिल्म डॉक्टर जी में रकुल प्रीत की हुई एंट्री





बॉलीवुड एक्टर आयुष्मान खुराना अपनी अपकमिंग फिल्म को लेकर चर्चा में हैं। आयुष्मान खुराना की इस फिल्म का नाम भी सामने आ गया है। इस फिल्म का नाम है डॉक्टर जी। डॉक्टर जी में आयुष्मान खुरानाके साथ एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह नजर आएंगी। दोनों पहली बार पर्दे पर एक साथ काम करते हुए दिखाई देंगे। आयुष्मान ने इंस्टाग्राम पर एक फोटो शेयर की हैं जिसमे वो अपनी नई फिल्म डॉक्टर जी की स्क्रिप्ट के साथ नजर आ रहे हैं। बताया कि वह जल्द ही कंसल्टेशन के लिए अपना क्लिनिक खोलने वाले हैं। खबर है कि आयुष्मान फिल्म में डॉक्टर उदय गुप्ता का रोल निभा रहे हैं और रकुल उनकी कॉलेज सीनियर फातिमा के किरदार में नजर आएंगी। बता दें कि फिल्म डॉक्टर जी का निर्देशन अनुभूति कश्यप कर रही हैं और जंगली पिक्चर्स प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले इसे बनाया जा रहा है। रकुल प्रीत सिंह के वर्कफ्रंट की बात करें तो इसके पास अजय देवगन और अमिताभ बच्चन स्टारर फिल्म माय डे है। इसके अलावा रकुल, सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ फिल्म थैंक गॉड की शूटिंग कर रही हैं। तो वहीं एक्टर आयुष्मान खुराना उन्होंने कुछ समय पहले ही फिल्म चंडीगढ़ करे आशिकी की शूटिंग पूरी की है।

## सिनेमाघरों से दर्शकों की दूरी पर सवाल उठाया शरद केलकर ने



बॉलीवुड अदाकार शरद केलकर ने सिनेमाघरों से दर्शकों की दूरी को लेकर में सवाल उठाया हैं, उन्होंने कहा कि लॉकडाउन के बाद मनोरंजन के कई सारे साधनों की फिर से शुरूआत कर दी गई है लोग पब, कॉफी शॉप, रेस्तरां, शादी-ब्याह और तो और छुट्टियों में गोवा तक जा रहे हैं। लोग अच्छे से पार्टी वगैरह मना रहे हैं, लेकिन पता नहीं क्यों वे सिनेमाघरों में नहीं जा रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, जबकि थिएटर्स काफी सुरक्षित हैं और इसमें लोगों को 50 प्रतिशत तक ही सीमित रखा गया है। नियमित तौर पर इनकी सफाई की जा रही है, सैनिटाइजेशन किया जा रहा है। यह हमारी बड़ी इंडस्ट्रीज में से एक हैं, जो कि दर्शकों पर पूरी तरह से निर्भर है, इसलिए मैं सभी से आग्रह करता हूं कि अगर आप पार्टी कर सकते हैं, तो थिएटर में भी जा सकते हैं।

## मेरे देश की धरती से दिव्येंदु के बहुत उम्मीद

अभिनेता दिव्येंदु शर्मा की आगामी फिल्म मेरे देश की धरती बेहद प्रोटेक्टिव है। क्योंकि यह फिल्म वर्तमान में चल रहे किसान आंदोलन के बीच प्रासंगिक है। इस फिल्म दिव्येंदु द्वारा निभाई गई युवा इंजीनियर अजय की जिंदगी पर आधारित है, जो प्रेरणादायक है। दिव्येंदु का कहना है कि यह फिल्म मेरे दिल के बहुत करीब है और इसलिए मैं इस फिल्म को लेकर बहुत प्रोटेक्टिव हूं। मैं वास्तव में चाहता हूं कि यह फिल्म ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचे, खासकर किसानों तक, हमने फिल्म में जो कुछ भी किया है, इससे शायद उनकी समस्या का हल नहीं हो सकता, लेकिन यह उन्हें प्रेरित कर सकता है कि किस तरह से उनकी सहायता हो सकती है। उन्होंने आगे कहा कि यह मेरे लिए और विशेष रूप से वर्तमान परिदृश्य को लेकर काफी खास है, किसानों के साथ क्या हो रहा है, यह अधिक महत्वपूर्ण हो जाता है।



# बड़े पर्दे से गायब रहने पर प्रीति जिंटा बोलीं- मैं खुद को बेचने के लिए नहीं हूं

बॉलीवुड एक्ट्रेस प्रीति जिंटा को इस बात का बिल्कुल भी मलाल नहीं कि वह लंबे अरसे से बड़े पर्दे से गायब हैं। इंडस्ट्री के इस सबसे पॉप्युलर चेहरे ने साल 2000 में फिल्मी दुनिया में कदम रखा था। बीच में एक लंबा ब्रेक देने के बाद यह फिल्म भैयाजी सुपरहिट (2018) में नजर आई थीं। हालांकि, बॉक्स ऑफिस पर प्रीति की यह फिल्म फ्लॉप रही थी। एक इंटरव्यू के दौरान प्रीति जिंटा ने बताया कि वह बॉलीवुड से गायब हैं और वह खुद को बेचने के लिए नहीं हैं। स्पॉटब्वॉय को दिए इंटरव्यू में प्रीति जिंटा बोलीं- मैं एक ऐसी इंसान बिल्कुल नहीं हूं जो खड़ी हो और किसी भी चीज के लिए शिकायत करने लगे। मुझे किसी से कोई शिकायत नहीं है। अगर मैं एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री से दूर हूं तो इसका केवल एक कारण है, वह यह कि मैं खुद को बेचने के लिए नहीं हूं। आप मुझे खबरों में आने के लिए फिल्मी दुनिया में कोई स्पेस खरीदते नहीं देखेंगे। मैं जो काम करती हूं, उसके लिए सराहना पाना चाहती हूं। प्रीति जिंटा ने मणीरत्नम की फिल्म दिल से में छोटा-सा रोल किया था। इस फिल्म के बाद वह शेखर कपूर की फिल्म तारा रम पम पम से लॉन्च होने वाली थीं, पर वह हटा दी गईं। प्रीति जिंटा ने कई हिट फिल्में दीं। इसमें सोल्जर, दिल चाहता है, कोई मिल गया, कल हो न हो।वीर जारा और कभी अलविदा न कहने शामिल रहीं। साल 2013 में प्रीति जिंटा एक्टर से प्रोड्यूसर बनीं, फिल्म थी इश्क इन पेरिस। इसमें इन्होंने एक्टिंग भी की थी। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म फ्लॉप रही। इस फिल्म के रिलीज के बाद प्रीति जिंटा फिल्म वेलकम टू न्यूयॉर्क और हैप्पी एंडिंग में कैमियो रोल में नजर आईं।



दैनिक पुष्पांजली टुडे



# कोतवाली प्रभारी शैलेन्द्र सिंह बने लोकप्रिय अफसर

**मऊरानीपुर (झाँसी)**

नगर मऊरानीपुर में कोतवाली पुलिस के द्वारा काफी सराहनीय कार्य किये जा रहे है। जिसमें आपको बता दे कि कोतवाली में जब से कोतवाली प्रभारी शैलेन्द्र सिंह की तैनाती हुयी तभी से बराबर लोगों को न्याय मिल रहा है। और कोतवाली से पीडितों को किसी भी प्रकार से कतई परेशानी का सामना नही करना पड रहा है। प्रत्येक पीडित व्यक्ति की बात सुनना और उसका सरलता से निस्तारण कराना आपकी प्राथमिकता देखी जा रही है। वही मीडिया, पत्रकार बन्धुओं के सम्मान को तो पूर्व की भाँति काफी गुना अधिक देखा जा रहा है। कोतवाली प्रभारी शैलेन्द्र सिंह अपने समस्त उपनिरीक्षकों एवं कोतवाली स्टाफ को काफी उत्सुक किये हुये है। और उनके द्वारा मऊरानीपुर कोतवाली का चार्ज लेने के बाद जो कहा गया था वह आज सामने



देखा जा रहा है। जिसमें उनके द्वारा कहा गया था कि अपराधियों को कतई बक्शा नही जायेगा। और पत्रकारों को हर सम्भव कोतवाली से सम्मान दिया जायेगा। वह आज सामने देखा जा रहा है। कोतवाली प्रभारी शैलेन्द्र सिंह एक लोकप्रिय अफसर देखने को मिल रहे है। साथ ही पत्रकारों की गरिमा का पूर्ण ध्यान रखते हुये समस्त कोतवाली स्टाफको भी पत्रकारों के सम्मान के लिये पूर्ण रुप से जागरुक किये हुये है। वही आपको बता दे कि मऊरानीपुर वासियों का जैसे कोतवाली प्रभारी की आवश्यकता थी वैसे ही मऊरानीपुर कोतवाली में वर्तमान में तैनात कोतवाली प्रभारी शैलेन्द्र सिंह देखने को मिल रहे है। नगर एवं क्षेत्र के प्रत्येक व्यक्ति के लिये एक लोकप्रिय अफसर बने कोतवाली प्रभारी। उनके कार्यो एवं शैली बनी सराहनीय रुप में ।

## मजदूर दिवस का उपहार को लेकर एसडीएम को सौंपा पत्र

मऊरानीपुर (झाँसी) प्यारे लाल पुत्र रजोले कुशवाहा निवासी गाँधीगंज ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी को दिये प्रार्थना पत्र में बताया कि कृषि मण्डी मऊरानीपुर, श्रम विभाग, मुख्यमंत्री कृषक उपहार के सम्बन्ध में अवगत कराया गया। जिसमें बताया गया कि प्रपत्र 56 तौलक पर्ची नम्बर पर मुख्यमंत्री कृषक उपहार दिये जाने हेतु तथा मजदूर दिवस 1 मई का उपहार मऊरानीपुर के मजदूरों के लिये एक वर्ष का उपहार दिलाया जाये। जिसका पंजीकृत तौलक प्रपत्र 56, लाईसेन्स नं. डी 99 /01 पर दिया जाये। जिससे गरीब मजदूरों को चौथापन बिताने को मदद मिल सके।

## शोकसभा

मऊरानीपुर (झाँसी) अयोध्यावासी स्वर्णकार समाज मऊरानीपुर की एक शोकसभा समाज के अध्यक्ष आशाराम स्वर्णकार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुयी। जिसमें बलराम सोनी के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा को चिर शान्ति एवं शोक संतृत्त परिवार को इस असहनीय कष्ट को सहन करने की क्षमता प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गयी। शोकसभा में लक्ष्मी नारायण सोनी नन्ना, सुभाष सोनी, बिल्ले सोनी, रमेश चन्द्र खलीफा, रामबाबू सोनी, श्याम बाबू सोनी, आनन्द, कौशल, हरीशंकर सोनी, डॉ.गोबिन्द दास सोनी, संजय सोनी, राजेश सोनी, रोहित सोनी, के अलावा गोपालदास दमेले, अनन्त राम सर्राफ शोभाराम मिश्रा आदि भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## श्री हजारेश्वर सेवा समिति की बैठक सम्पन्न

मऊरानीपुर (झाँसी) श्री हजारेश्वर सेवा समिति की एक आवश्यक बैठक बिहारी लाल बरसैया की अध्यक्षता व भगवत नारायण मोर के संचालन में आयोजित की गयी। जिसमें महाशिवरात्रि के विभिन्न साँस्कृतिक कार्यक्रम की रुपरेखा बनायी गयी। जिसमें 11 मार्च को अभिषेक श्री हजारेश्वर भगवान भव्य विवाह समारोह एवं 12 मार्च को गायत्री महायज्ञ , भजन संध्या, सामूहिक भण्डारा आयोजित होगा। बैठक में राजाराम डेगंरे, विपिन रुसिया, हेमन्त बिलैया, किशुन अग्रवाल, सन्तोष डेंगरे, प्रमोद गुप्ता, राजेन्द्र सरावगी, पप्पू विश्वकर्मा, अन्नी अग्रवाल, हरिशंकर मऊआ आदि लोग उपस्थित रहे। सभी का आभार भगवत नारायण मोर ने व्यक्त किया।

## ऊँचाई से मासूम फिसल गया

मऊरानीपुर (झाँसी) ऊँचाई से मासूम फिसल गया। प्राप्त विवरण में अमन (1) पुत्र घनश्याम निवासी सुहागपुरा को प्राथमिक उपचार के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया। हालत में सुधार न होने पर झाँसी रिफर कर दिया गया।

# सहायक निदेशक कृषि विस्तार पाली के आदेश अनुसार शिविर का आयोजन किया गया




रानी पाली नेनाराम सिरवी। जिले के सोडावास ग्राम पंचायत के किसान सेवा केंद्र पर सहायक निदेशक कृषि विस्तार पाली के आदेशानुसार मुद्दा स्वास्थ्य कार्ड योजना के तहत अनुसूचित जाति कृषक परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान मिट्टी परीक्षण मिट्टी नमूना आदि सहित कई महत्वपूर्ण जानकारी सेवानिवृत्त डॉक्टर देवी सिंह भाटी द्वारा दी गई। जिसमें मिट्टी परीक्षण के दौरान प्रयोगशाला में मिट्टी को पहुंचाने की विधि विस्तार से जानकारी अनुसूचित जाति कृषक महिलाएं एवं पुरुषों को दी गई।किसान सेवा केंद्र के कृषि प्रवेशक गोविंद सिंह कुंपावत द्वारा विभागीय योजना की जानकारी विस्तार से दी गई। जिसमें जैविक खेती परंपरागत खेती के अलावा सामाजिक जीवन में नशा मुक्ति के दुष्प्रभाव को रोकने के लिए शिविर में आए हुए कृषकों को जानकारी दी गई। इस दौरान कृषक मित्र तुलसाराम सिरवी ने मानव जीवन के औषधीय फसलों की उपयोगिता की जानकारी कृषकों को दी गई। अंत में अनुसूचित जाति के कृषक को पुरस्कार डॉ देवी सिंह भाटी द्वारा वितरण करके परीक्षण शिविर का समापन किया गया।

# सरपंच कार्यकाल के सफलतम 1 वर्ष पूर्ण होने पर ग्राम वासियों का आभार जताया गया

रानी पाली नेनाराम सिरवी। निकटवर्ती ग्राम पंचायत किरवा सरपंच घीसीदेवी सीरवी के सरपंच कार्यकाल के सफलतम 1 वर्ष पूर्ण होने पर संपूर्ण ग्राम वासियों का आभार जताया गया। अपने सरपंच कार्यकाल के दौरान 1 वर्ष में स्वस्थ भारत मिशन ग्रामीण के तहत साफ-सफाई के कार्य के अलावा सुलभ शौचालय का निर्माण कार्य मुख्य बस स्टैंड पर बड़े नाले निर्माण कार्य नाली निर्माण कार्य मुख्य चौक में सीसी निर्माण कार्य। जल सप्लाई के लिए ग्राम पंचायत के राजस्व गांव पाइपलाइन लगवाई गई।इस प्रकार सरपंच के सफलतम 1 वर्ष के कार्यकाल के दौरान कई महत्वपूर्ण कार्य पूरे किए।सरपंच प्रतिनिधि मगाराम सीरवी द्वारा बताया गया कि अपने सरपंच कार्यकाल के दौरान सफलतम 1 वर्ष पूर्ण होने पर संपूर्ण ग्राम वासियों के साथ साथ पंचायत कार्मिक ग्राम विकास अधिकारी पंचायत जनप्रतिनिधियों का शानदार सहयोग मिला। सहयोग के माध्यम से अपने 1 वर्ष के कार्यकाल के दौरान ग्राम पंचायत द्वारा विकास की योजना के कार्य शुरू कर के कई कार्य पूरे किए गए



## मासूमों के यौन शोषण मामले में आरोपित जेई की पत्नी ने वापस ली जमानत अर्जी, न्यायिक हिरासत बढ़ी

**बांदा।** पति के साथ मासूमों से हैवानियत की आरोपित सस्पेंड जेई की पत्नी दुर्गावती ने अदालत में दी गई जमानत की अर्जी वापस ले ली। उनके अधिवक्ता ने मंगलवार को अर्जी पर नॉटप्रेस कर दिया। इस पर अदालत ने दुर्गावती की न्यायिक हिरासत 12 फरवरी तक बढ़ा दी। मासूमों के यौन शोषण मामले में सस्पेंड जेई रामभवन और उसकी पत्नी दुर्गावती मंडल कारागार में बंद है। दुर्गावती की जमानत के लिए उनके अधिवक्ता भूरा प्रसाद निषाद ने जमानत अर्जी दाखिल की थी। शुरुआत में दुर्गावती पर सिर्फ गवाहों को धमकाने का आरोप था, लेकिन सीबीआई ने बाद में उनको भी पाक्सो के तहत आरोपी बनाकर अदालत में अर्जी दाखिल की। सीबीआई ने कहा, जब्त किए गए साक्ष्यों के अनुसार उन्होंने भी मासूमों के साथ हैवानियत की। अदालत ने सीबीआई की अर्जी स्वीकार कर ली। पाक्सो की धाराएं बढ़ने के बाद दुर्गावती के अधिवक्ता ने जमानत अर्जी के साथ हलफनामा दाखिल करने के लिए समय मांगा लेकिन उस पर आगे बढ़ाने की बजाय अर्जी वापस ले ली।

# भदौरिया पुन: बने अभाविप के प्रांत कार्यकारणी सदस्य

**महेंद्र शर्मा रिपोर्टर ग्वालियर संभाग**



**गोहद।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् मध्यभारत प्रांत का एक दिवसीय 53वा प्रांत अधिवेशन देवी अहिल्याबाई की नगरी इंदौर में संपन्न हुआ। इसमें मध्यभारत प्रांत को दो प्रांतों में किए जाने की घोषणा हुई दूसरा प्रांत मालवा होगा मध्यभारत प्रांत के प्रांत अध्यक्ष मनोज जी आर्य ने नवीन प्रांत कार्यकारणी की घोषणा की जिसमे भिंड जिले के मेहगांव के कद्दावर छात्र नेता सचिन भदौरिया को पुनः प्रांत कार्यकारणी सदस्य की जिम्मेदारी दी गई । सचिन भदौरिया 2016 से विद्यार्थी परिषद् के संपर्क में है। सचिन भदौरिया ने पूर्व में मेहगांव नगर मंत्री, नगर एसएफडी संयोजक, नगर विद्यालय प्रमुख, विद्यालय अध्यक्ष जैसी दायित्वों का निर्वहन किया है ।भदौरिया को यह जिम्मेदारी संगठन के प्रति निष्ठा,सक्रियता और छात्रहित के किय गए कार्यों को देखते हुए दी गई । उनके मनोनयन पर जिले के पूर्व छात्र नेताओ, समाजसेवियों,नगर वासियों, के अलावा परिषद में हर्ष का माहौल है। अधिवेशन में भिंड जिले के फूप के सूर्या भदौरिया, भिंड से नेहा भदौरिया, मौ से हेमंत यादव को भी प्रांत कार्यकारणी सदस्य मनोनीत किया गया है।

# स्वामी तेजानंद महाराज के नेतृत्व में वदवासी वढेर मे परिचय पत्र का वितरण किया

**नारायणलाल सैणचा**

**चैन्नई**–तामीलनाडु पौन ब्रोकर्स एंवम ज्वेलर्स एसोसिएशन पिछले कई दिनों से संगठन से



जुडे अलग अलग क्षैत्रों के सदस्यों को संगठन के आई डी कार्ड परिचय पत्र माननीय प्रदेशाध्यक्ष महोदय स्वामी तेजानंद महाराज के नेतृत्व में वितरित किये जा रहे हैं उसी कडी में दिनांक 27-01-2021 बुधवार को तमिलनाडु पौन ब्रोकर्स एंवम् ज्वैलर्स एसोशिएसन संगठन, वंदवासी क्षैत्र के सदस्यों को परिचय पत्र वितरित करने का कार्यक्रम सीरवी समाज ट्रस्ट -वंदवासी बढेर प्रांगण में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में माननीय प्रदेशाध्यक्ष महोदय स्वामी तेजानंद महाराज मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षैत्रीय प्रभारी भूराराम बर्फा ने की। प्रदेश संगठन के उपाध्यक्ष भबूतराम कुलकधाणिया भी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे माननीय प्रदेशाध्यक्ष महोदय ने उपस्थित सभी सदस्यों और क्षैत्रीय पदाधिकारियों को संगठन के आई डी कार्ड वितरित किये और व्यापारियों से संवाद करके उनकी समस्याओं और उनके निवारण पर चर्चा की। स्वामी ने भरोसा दिलाया कि ईमानदारी और सच्चाई की राह पर चलने वाले हर व्यापारी के लिए संगठन सदा साथ खडा हैं इस कार्यक्रम में सीरवी समाज ट्रस्ट वंदवासी के अध्यक्ष पारसमल, उपाध्यक्ष कानाराम,सचिव नेमीचन्द,कोषाध्यक्ष दिनेश पंवार पुनीवेल, सुखलाल जयराम,मांगीलाल भुराराम सोलंकी, अमराराम माली, वेम्बाकक्म तालुक प्रभारी पारसमल पंवार,सीरवी समाज वेमबाक्कम अध्यक्ष बाबुलाल काग और नेमाराम उपस्थित रहे। वंदवासी क्षैत्र के सभी सदस्यों और वरिष्ठ पदाधिकारियों को इस सेवाकार्य के लिए बहुत बहुत धन्यवाद मीडिया सह-



## अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा की जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर श्रीमती नीलम उदैनिया का सम्मान किया

**उप संपादक संदीप प्रधान की रिपोर्ट**

दतिया गहोई समाज महिला मंडल दतिया एवं वैश्य महासम्मेलन की जिला अध्यक्ष सुनीता गंधी के तत्वधान में अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा की जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर श्रीमती नीलम उदैनिया का सम्मान किया गया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी। इस कार्यक्रम में श्रीमती माधुरी रूसिया, रिता मित्तल, श्रीमती सुधा मुड़िया, रंजना भटनागर, पुष्पा गुगोरिया, बबीता बिजपुरिया, मंजू 14, अभिलाषा लोहिया, श्रीमती चेतना शर्मा, श्रीमती कल्पना तिवारी श्रीमती मानसी, श्रीमती चंचल नागार्ज, श्रीमती मीनू मोटवानी, श्रीमती रिचा तुलसानी, एवं अन्य महिलाएं मौजूद थी?

# नाजायज व अबैध धन्धै किसी भी सूरत मे फलने फूलने नहीं दिये जाबेगै : पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार पाण्डे

**केशब पंडित जी अम्बाह...**

**अम्बाह...** अभी तक थाना इलाके में जुआ शराब अवैध शस्त्रो के क्रय विक्रय सरीके नाजायज धंधे किसी भी सूरत में अम्बाह पुलिस फलने फूलने नहीं देगी ऐसे अवैध कृत्यो को अंजाम देने वाले मुजरिमो के खिलाफ

## अम्बाह पुलिस की ताबड़तोड़ कारबॉइयॉ पकडा अबैध हथियारों का जखीरा...

नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी यह बात मुरैना पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार पाण्डे ने कहीं उन्होंने बताया कि मैंने जिले में मुखबिर तंत्र को मजबूत करने का काम प्रारंभ कर दिया है ताकि अपराधों और अपराधियों के बारे में सटीक सूचनाएं पुलिस को मिलती है इधर चम्बल में अब्बल रहै अंबाह थाना प्रभारी योगेंद्र सिंह यादव जादौन ने माना कि गोपनीयता भंग होने की डर से लोग पुलिस को अपराधों और अपराधियों के बारे में सूचना देने से कतराते हैं उन्होंने कहा कि एक बार पुलिस जनता को यकीन दिलाने में कामयाब हो जाए तो उसे मुखबिरो से कारगर आम सूचनाएं मिलना प्रारंभ हो सकती है श्री चौहान नें बताया कि हाल में ही कुछ



दिनों में पुलिस को मुखबिरों से प्राप्त जानकारी मिलने से कामयाबी मिली है अभी हाल ही में अम्बाह पुलिस ने पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में वअम्बाह एसडीओपी अशोक सिह जादौन के मार्गदर्शन में बिश्बश्नीय मुखबिर तंत्र द्वारा व मोबाइल पर अबैध हथियारो सहित बीडियो बाइरल के द्वारा तीन हथियार तस्करो से सात अधिया व कट्टे व राउन्ड व एक बन्दूक व दो मोबाइल फोन एक मोटर साइकिल जप्त कर हिरासत में लिया गया जिनके क्रमश नाम राहुल गुर्जर व प्रदीप तोमर व जीतू उर्फ जितेन्द्र सखबार को हिरासत में लिया गया है जिनके द्वारा कुछ और लोगो के नाम बताये गये है जिस पर उठक पटक जारी है अंबाह थाना प्रभारी योगेन्द्र सिह जादौन ने दावा किया है कि हमें और कामयाबी मिलने की उम्मीद है यह सफलता अवैध शस्त्रो की बरामदगी व अवैध शराब अथवा सट्टा व जुआरियो में किसी भी हो सकती है उन्होंने बताया मेरा मुखबिर तंत्र मजबूत रहता है इलाके के प्रत्येक गांव के प्रमुख गांव में कौन-कौन व्यक्ति अपराध में लिप्त है इसकी पूरी जानकारी के लिए प्रयास जारी कर दिए गये इस कारबाही मे सराहनीय भूमिका थाना प्रभारी योगेंद्र सिंह जादौन व एसआई नीलम यादव व रिषीकेश शर्मा व पुनीत दीक्षित एएसआई टीडीएस भदोरिया व प्रधान आरक्षक रामप्रकाश मुदगल व आरक्षक प्रसांत दण्डोतिया कुलदीप दौहरे सतेन्द्र गुर्जर जोगेन्द्र भदोरिया नरेन्द मोर्य दीपक पचौरी महेश शर्मा योगेन्द्र मालती पारासर हिंगोली कन्नौज ममता चोहान शान्ति बाई चालक मनीष रहीमुद्दीन की महत्व पूर्ण भूमिका रही।

## मुक्तिधाम के निर्माण संबंधी अधूरे कार्यो को जल्द पूर्ण कराया जाएगा: एसडीएम

**महेंद्र शर्मा रिपोर्टर ग्वालियर संभाग**

गोहद। गोहद नगर के वार्ड नंबर 17 में स्थित मुक्तिधाम के निरीक्षण हेतु आज एसडीएम शुभम शर्मा ने स्वयं पहुंच कर देखा उन्होंने कुछ फोटोग्राफ्स भी लिए क्योंकि ठेकेदारों द्वारा 10 माह पूर्व मुक्तिधाम में पेवर ब्लॉक बिछाने व चबूतरो का काम बीच में ही छोड़ दिया व स्टोर रूम की छत व पलस्तर का काम बीच में ही रोक दिया गया। इस अवसर पर समाजसेवीयो ने मुक्तिधाम में मूलभूत समस्याओं के लिए एक ज्ञापन भी एसडीएम शुभम शर्मा को दिया गया जिसमें प्रमुख रुप से मांग की गई की स्टोर रूम की छत व पलस्तर, पेवर ब्लॉक लगाने व मृत शरीर को रखने के लिए दो चबूतरो को नगर पालिका परिषद गोहद के द्वारा शीघ्र पूर्ण कराया जावे लगभग 1 वर्ष से निरंतर मांग की जा रही है साथ ही विद्युत समस्या को दूर करने के लिए एक डी.पी. तथा चार पांच पोल लगवाए जावे। जिससे कि अंधेरे में अंत्येष्टि ना करनी पड़ी। इस अवसर पर पीपल, फाइकस आदि के पौधे भी रोपे गए कार्यक्रम का संचालन जे पी अग्रवाल के नेतृत्व में किया गया। ज्ञापन देने व पौधारोपण में भाग लेने वालों में प्रमुख रूप से राकेश अग्रवाल, अश्वनी अग्रवाल, तिलक सिंह बोहरे पूर्व मंडी उपाध्यक्ष, मनोज शर्मा सचिव ( जय दुर्गे कामाख्या मां सेवा संस्थान) ज्ञानवीर सिकरवार, शिशूपाल गुर्जर, नरेश गुर्जर, कैलाश अग्रवाल, आसाराम, विनय ओझा, विकास माहौर आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## न्यूज. ब्रीफ

### मेसी के शानदार प्रदर्शन से बासीलीना जीता

मैड्रिड। स्टार खिलाड़ी लियोनेल मेसी के शानदार प्रदर्शन से फुटबॉल क्लब बासीलीना ने स्पेनिश लीग मुकाबले में एथलेटिक बिलबाओ पर 2-1 से जीत दर्ज की है। मेसी ने बासीलीना के लिए इस मैच में 650वां गोल किया। बासीलीना की ओर से एंटोइने ग्रिएजमैन ने भी गोल दागे। वहीं जोर्डी अल्बा ने आत्मघाती गोल करके अपने टीम को ही नुकसान पहुंचा दिया। बासीलीना इस सत्र में पहली बार दूसरे स्थान पर आ गई है। वहीं रीयाल मैड्रिड के भी 40 अंक है लेकिन गोल औसत में वह कहीं पीछे है। एटलेटिको शीर्ष पर कायम है जिसने कैडिज को 4-2 से हराया। इससे पहले एक रिपोर्ट में कहा गया था कि मेसी का करार करीब 673 मिलियन डॉलर का है। क्लब ने हालांकि इस खुलासे में किसी तरह की भागीदारी से इंकार किया है।

### पूरन की तूफानी पारी से नार्दर्न वारियर्स जीती

अबुधाबी। निकोलस पूरन की 26 गेंद में 89 रन की आतिशी पारी की सहायता से नार्दर्न वारियर्स ने अबु धाबी टी10 क्रिकेट टूनार्मेंट में बांग्ला टाइगर्स को 30 रन से हरा दिया। पूरन ने अपनी पारी में 12 छक्के और तीन चौके लगाए। उनकी टीम ने चार विकेट पर 162 रन बनाए जो टूनार्मेंट का दूसरा सर्वोच्च स्कोर है। बांग्ला टाइगर्स की ओर से कप्तान आंद्रे फ्लेचर ने 28 गेंद में चार चौकों और चार छक्कों की मदद से 53 रन बनाए। वहीं यूएई के बल्लेबाज चिराग सूरी 42 रन बनाकर नाबाद रहे पर उनकी टीम दस ओवर में तीन विकेट पर 132 रन ही बना सकी। पहले बल्लेबाजी करते हुए वारियर्स की ओर से तेज शुरूआत हुई। वसीम मोहम्मद ने पहले ही ओवर में मोहम्मद इरफान को 2 छक्के लगाकर 17 रन बना लिए। इसके बाद दूसरे ओवर में मुजीब उर रहमान ने वसीम को आउट किया। इसके बाद पूरन बल्लेबाजी के लिए आए। पूरन ने आते ही चौथे ओवर में कैस अहमद पर तीन छक्के और एक चौका लगाया। वहीं छठे ओवर में इरफान पर लगातार तीन छक्के लगे। वहीं दूसरी ओर लैंडल सिमंस 41 रन बनाकर नाबाद रहे। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए टाइगर्स की शुरूआत खराब रही और तीसरी ही गेंद पर वहाब रियाज ने जॉनसन चार्ल्स को आउट कर दिया। फ्लेचर ने तेजी से खेला पर दूसरे छोर पर उन्हें अपेक्षित सहयोग नहीं मिला जिससे टीम को हार का सामना करना पड़ा।

### स्पिनर सुनील नरेन बने पिता, बेटे की फोटो सोशल मीडिया पर की शेयर



आबु धाबी। वेस्टइंडीज के स्पिनर सुनील नरेन के घर खुशखबरी आई है। नरेन की पत्नी एंजलिया ने बेटे को जन्म दिया है। दोनों ने अपने परिवार में आए नए सदस्य की खबर सोशल मीडिया द्वारा लोगों को दी। पिछले साल दिसंबर के महीने में नरेन और उनकी पत्नी ने यह खुलासा किया था कि वह जल्द ही माता-पिता बनने वाले हैं। सुनील नरेन ने अपने इंस्टाग्राम पर बेटे की फोटो शेयर करते हुए पोस्ट किया और लिखा कि तुमने हमारे दिल में एक ऐसी जगह भर दी हैं जिसे हम जानते हैं कि जानते हमने खाली नहीं रखा। हमने एक छोटे से चेहरे में भगवान की भलाई और अनुग्रह देखा है। हम तुमको बिना शर्त प्यार करते हैं। गौर हो कि सुनील नरेन इस समय यूएई में आबु धाबी टी10 लीग में खेल रहें हैं। सुनील नरेन को इस लीग में डेक्कन ग्लैडियटर्स ने खरीदा है। टी10 में खेले गए तीन मुकाबलों में वह तीन विकेट चटकाने में सफल हुए हैं। वहीं उनकी टीम इस लीग में सिर्फ एक मैच जीत पाने में कामयाब हो पाई है।

### दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मिली जीत पर मिसबाह ने खिलाड़ियों को चेताया

रावलपिंडी। पाकिस्तान के मुख्य कोच मिसबाह उल हक नहीं चाहते कि उनकी टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ इस हफ्ते होने वाले दूसरे क्रिकेट टेस्ट से पहले आत्ममुग्धता का शिकार हो। मेजबान टीम ने कराची में पहले टेस्ट की पहली पारी में 27 रन पर चार विकेट गंवाने के बाद वापसी करते हुए दक्षिण अफ्रीका को 7 विकेट से हराकर दो मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बनाई। दूसरा टेस्ट रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में गुरुवार से शुरू होगा। यासिर शाह और पहला टेस्ट खेल रहे 34 साल के बायें हाथ के स्पिनर नौमान अली ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट में मिलकर 14 विकेट चटकाए। मिसबाह ने कहा कि इस जीत की काफी जरूरत थी। टीम ने मुश्किल हालात का सामना करने के बाद वापसी की लेकिन हम आत्ममुग्धता का शिकार नहीं होना चाहते। दक्षिण अफ्रीका की टीम मजबूत है और हमें पता है कि वे कड़ी वापसी कर सकते हैं। मिसबाह और गेंदबाजी कोच वकार यूनिस को पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने पिछले महीने न्यूजीलैंड में 0-2 से श्रृंखला गंवाने के बाद तलब किया था। दोनों कोचों को एक और मौका दिया गया है लेकिन उनका दीर्घकालीन भविष्य दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मौजूदा घरेलू श्रृंखला के नतीजे पर निर्भर करता है। मिसबाह ने कहा कि मेरा ध्यान इस श्रृंखला पर है। हम अपनी पूरी उर्जा इस टेस्ट में झोंक देंगे और देखेंगे कि हम कैसे जीत दर्ज कर सकते हैं। अन्य चीजों पर हमारा नियंत्रण नहीं है और इनके बारे में सोचने का कोई मतलब नहीं है।

दोनों टीमों के सभी खिलाड़ियों का कोविड-19 टेस्ट नेगेटिव, आजसे शुरू कर सकेंगे ट्रेनिंग सेशन

# छह दिन के कड़े क्वारेंटाइन के बाद मैदान पर लौटी टीम इंडिया





चेन्नई ■ एजेंसी

भारत और इंग्लैंड के बीच चार टेस्ट मैचों की सीरीज का आगाज 5 फरवरी से होना है। सीरीज के पहले दो मैच चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेले जाने हैं। इस मैच से पहले दोनों टीमों को छह दिन का कड़ा क्वारंटाइन पीरियड झेलना पड़ा। दोनों टीमों के खिलाड़ियों की कोविड-19 टेस्ट की रिपोर्ट्स नेगेटिव आ गई हैं। इंडियन क्रिकेट टीम के आधिकारिक इंस्टाग्राम पेज की स्टोरीज में भारतीय टीम के प्रैक्टिस सेशन की कुछ तस्वीरें शेयर की गई हैं। इन तस्वीरों में कप्तान विराट कोहली, तेज गेंदबाज ईशांत शर्मा और टीम इंडिया का कोचिंग स्टाफ नजर आ रहे हैं।



विराट कोहली अपनी बेटी के जन्म के बाद इस दौरे के साथ इंटरनैशनल क्रिकेट में वापसी कर रहे हैं। विराट कोहली और अनुष्का शर्मा ने अपनी बेटी का नाम वामिका रखा है। अनुष्का ने आज ही इंस्टाग्राम पर एक फोटो शेयर की, जिसमें विराट, वह और बेटी तीनों साथ नजर आ रहे हैं और इस फोटो के साथ ही उन्होंने अपनी बेटी के नाम की घोषणा की।

विराट कोहली ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हाल में खत्म हुई चार टेस्ट मैचों की सीरीज के पहले टेस्ट मैच के बाद पैटरनिटी लीव पर स्वदेश लौट आए थे। अजिंक्य रहाणे की कप्तानी में टीम इंडिया ने बॉर्डर गावस्कर सीरीज 2-1 से अपने नाम की। भारत और इंग्लैंड क्रिकेट टीम इन दिनों चेन्नई में है, दोनों टीमों के सभी खिलाड़ियों की कोविड-19 टेस्ट की रिपोर्ट नेगेटिव आ गई है। अब दोनों टीमों के खिलाड़ी कल से ट्रेनिंग सेशन में हिस्सा ले सकेंगे। दोनों टीमों के खिलाड़ियों का छह दिन का कड़ा क्वारंटाइन पीरियड भी खत्म हो रहा है। खिलाड़ी आज आउटडोर सेशन में हिस्सा ले सकेंगे, लेकिन नेट प्रैक्टिस के लिए एक दिन का इंतजार और करना होगा। भारत और इंग्लैंड के बीच चार टेस्ट मैचों की सीरीज का आगाज 5 फरवरी से होना है। सीरीज के पहले दो टेस्ट मैच चेन्नई में खेले जाने हैं, जबकि बाकी दो टेस्ट मैच अहमदाबाद में खेले जाएंगे। चार टेस्ट मैचों की सीरीज के बाद दोनों टीमों के बीच पांच टी20 इंटरनैशनल मैचों की सीरीज खेली जाएगी और फिर तीन मैचों की वनडे इंटरनैशनल सीरीज खेली जाएगी। टेस्ट सीरीज 8 मार्च को खत्म होगी, जबकि 12 मार्च से टी20 इंटरनैशनल सीरीज खेली जानी है। 23 मार्च से वनडे इंटरनैशनल सीरीज खेली जानी है। 28 मार्च को यह दौरा खत्म होगा। इस सीरीज के साथ ही भारत में कोविड-19 महामारी के दौर में इंटरनैशनल क्रिकेट की वापसी हो रही है।

### पोंटिंग और गावस्कर का रिकॉर्ड तोड़ सकते है विराट कोहली

भारत और इंग्लैंड के बीच 5 फरवरी से चार टेस्ट मैचों की सीरीज का आगाज होने जा रहा है। पैटरनिटी लीव के चलते ऑस्ट्रेलिया दौरे को बीच में छोड़कर स्वदेश लौटे विराट कोहली की टीम में वापसी हुई है। विराट कोहली का रिकॉर्ड पिछले कुछ समय में इंग्लैंड के खिलाफ बेहद शानदार रहा है। 2016 में खेली घरेलू सीरीज में कोहली ने इंग्लिश टीम के खिलाफ जमकर रन बनाए थे, जबकि 2018 में इंग्लैंड में भी टीम इंडिया के कप्तान का बल्ला खूब चला था। ऐसे में इस टेस्ट में भी भारतीय टीम विराट से दमदार प्रदर्शन की उम्मीद करेगी। इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली घरेलू टेस्ट सीरीज में कोहली के पास दो खास मामलों में रिकी पोंटिंग और सुनील गावस्कर को पीछे छोड़ने का मौका होगा। टीम इंडिया की तरफ से अपनी सरजमीं पर खेलते हुए इंग्लैंड के खिलाफ सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड सुनील गावस्कर के नाम है। सुनील गावस्कर ने 22 मैचों में इंग्लिश टीम के खिलाफ 1331 रन बनाए हैं। विराट कोहली लिटिल मास्टर के इस रिकॉर्ड से 489 रन दूर हैं, लेकिन पिछले कुछ समय में इंग्लैंड के खिलाफ उनके रिकॉर्ड को देखते हुए इस मुकाम तक पहुंचने में विराट को ज्यादा दिक्कत नहीं होनी चाहिए। कोहली ने अभी इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू मैदानों पर 9 मैचों में 843 रन जड़े हैं। विराट अगर 489 रन बनाने में सफल हो जाते हैं तो वह इंग्लैंड के खिलाफ सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन जाएंगे। वहीं, दूसरी तरफ से विराट के पास ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग को भी पीछे छोड़ने का शानदार मौका होगा। घरेलू सरजमीं पर खेलते हुए रिकी पोंटिंग ने बतौर कप्तान 11 टेस्ट शतक जड़े हैं। कोहली टेस्ट कप्तान के तौर पर अबतक 10 सेंचुरी लगा चुके हैं और उनको रिकी पोंटिंग को पीछे छोड़ने के लिए महज एक शतक लगाने की दरकार है। इंग्लैंड की टीम को भारत के दौरे पर चार टेस्ट, पांच टी20 और तीन वनडे मैचों की सीरीज खेलनी है।

## भारत-इंग्लैंड दूसरे टेस्ट को देख सकेंगे 50 फीसदी दर्शक



भारत और इंग्लैंड के बीच यहां होने वाले दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच को 50 फीसदी दर्शक देख सकेंगे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) और तमिलनाडु क्रिकेट संघ (टीएनसीए) ने दूसरे टेस्ट मैच के लिए यहां के एम ए चिदंबरम स्टेडियम में 50 फीसदी दर्शकों को प्रवेश की अनुमति दे दी है। टीएनसीए के एक शीर्ष अधिकारी ने साथ ही कहा है कि इसके साथ ही मीडिया को भी स्टेडियम में प्रेस बॉक्स से दोनों टेस्ट मैचों को कवर करने की अनुमति दी जाएगी। कोविड-19 से नयी दिशा-निर्देश के जारी होने के बाद इस मामले पर टीएनसीए के सदस्यों के बीच बात हुई। टीएनसीए और बीसीसीआई अधिकारियों के बीच हुई बैठक में इसकी अनुमति दी गई है। नये दिशा-निर्देश में खेल स्थलों में दर्शकों के प्रवेश की मंजूरी का प्रावधान है। टीएनसीए अधिकारी ने कहा कि खेल स्थलों को लेकर कोविड-19 से जुड़ी केन्द्र सरकार के नये दिशानिर्देश में दर्शकों की मंजूरी मिलने और राज्य सरकार से मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के जारी होने के बाद हमने भारत-इंग्लैंड के बीच खेले जाने वाले दूसरे टेस्ट के लिए दर्शकों को अनुमति देने पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि बीसीसीआई और टीएनसीए द्वारा सभी सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करते हुए दूसरे टेस्ट के लिए 50 फीसदी दर्शकों को अनुमति देने का निर्णय लिया गया है। चिदंबरम स्टेडियम की क्षमता 50,000 है। श्रृंखला का पहला टेस्ट शुक्रवार से शुरू हो रहा है जबकि दूसरा मैच 13 फरवरी से होगा। अहमदाबाद में तीसरे और चौथे टेस्ट के लिए पहले ही दर्शकों को मंजूरी मिल गई है। अधिकारी ने यह भी कहा कि मीडिया को स्टेडियम में प्रेस बॉक्स से दोनों टेस्ट मैचों को कवर करने की अनुमति दी जाएगी हालांकि संवाददाता सम्मेलन हालांकि अब भी ऑनलाइन आयोजित किए जाएंगे।

## भारतीय मुक्केबाजी महासंघ के चुनाव आज पर्यवेक्षक भेजेगा एआईबीए : क्रेमलेव

नई दिल्ली ■ एजेंसी

अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ (एआईबीए) के अध्यक्ष उमर क्रेमलेव ने कहा है कि बुधवार को होने वाले भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) के अध्यक्ष पद के चुनावों के लिए पर्यवेक्षक भेजे जाएंगे। बीएफआई ने इससे पहले कहा था कि निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनावों के लिए विश्व संस्था अपने पर्यवेक्षक भेजे। क्रेमलेव ने साथ ही कहा कि बीएफआई के साथ लंबित भुगतान को लेकर विवाद सुलझने के बाद भारत के साथ एआईबीए के रिश्ते भी बेहतर हुए हैं। क्रेमलेव ने कहा, हमारे भारत सहित सभी राष्ट्रीय महासंघों के साथ अच्छे रिश्ते हैं। विश्व चैंपियनशिप के सभी तरह के भुगतान को लेकर मुद्दा सुलझ गया था और इस मामले को बंद कर दिया गया है। उन्होंने कहा, हम निश्चित तौर पर एआईबीए से एक सक्षम पर्यवेक्षक को भारतीय मुक्केबाजी महासंघ के अध्यक्ष पद के चुनावों के लिए भेजेंगे। हमरा काम यह तय करना है कि प्रत्येक महासंघ में पूर्ण पारदर्शिता और लोकतंत्र हो। बीएफआई के सूत्रों के अनुसार चुनाव पर्यवेक्षक के मंगलवा या फिर चुनाव के दिन पहुंचने की उम्मीद है पर कोविड-19 परीक्षण के नेगेटिव परिणाम आने पर ही उन्हें चुनाव के दौरान वहां रहने की इजाजत मिलेगी।



बीएफआई अध्यक्ष पद के लिए निवर्तमान अध्यक्ष अजय सिंह को मुंबई क्रिकेट संघ के पूर्व अध्यक्ष आशीष शेलार से चुनौती मिल रही है। क्रेमलेव ने कहा, मेरी कोई निजी महत्वाकांक्षा नहीं, मेरा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि खिलाड़ियों और कोचों का भला हो। अपने राष्ट्रीय महासंघों के साथ एकजुट होकर ही हम आईओसी का भरोसा दोबारा जीत सकते हैं। क्रेमलेव को उम्मीद है कि इस काम में भारत अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा, इसमें कोई संदेह नहीं कि मुक्केबाजी मानचित्र में भारत काफी अहम देश है जिसकी समृद्ध विरासत और मजबूत मुक्केबाज हैं। मुझे अपने आधिकारिक दौरे निजी तौर पर भारत आने में खुशी होगी जिससे कि अधिकारियों और खिलाड़ियों से बात कर सकूं।

## भारतीय महिला हॉकी टीम का अर्जेंटीना दौरा ड्रॉ के साथ समाप्त

ब्यूनस आयर्स । भारतीय महिला हॉकी टीम का अर्जेंटीना दौरा ड्रॉ के साथ समाप्त हुआ है। दोनो ही टीमों के बीच चौथा और अंतिम मैच 1-1 से बराबरी पर रहा। भारतीय टीम की कप्तान रानी ने 35वें मिनट में अर्जेंटीना के खिलाफ गोल किया। वहीं मेजबानों की ओर से एमिलिया फोरचेरियो ने पेनल्टी स्ट्रोक पर एक गोल दागा। यह भारतीय टीम का चौथा मैच था जबकि तीसरा मैच बारिश की बाधा के कारण नहीं हुआ था। इससे पहले भारतीय टीम का मुकाबला अर्जेंटीना की जूनियर टीम से 2-2 और 1-1 से ड्रॉ रहा जबकि अर्जेंटीना की बी टीम के हाथों उसे 1-2, 2-3 से हार का सामना करना पड़ा है। अर्जेंटीना की सीनियर टीम के खिलाफ भारतीय टीम पहले ही दो मैच 2-3, 0-2 से हार गई थी। वहीं आखिरी मैच में भारतीय टीम जीत के इरादे से उतरी थी पर अनुभवी मेजबान टीम के सामने वह टिक नहीं पायी। मेजबान टीम ने पहले क्वार्टर से ही हमले बोलने शुरू कर दिए जिससे भारतीय डिफेंस पर दबाव बन गया। अर्जेंटीना ने पहले क्वार्टर के तीन मिनट के अंदर ही दो पेनल्टी कॉर्नर बनाए पर भारतीय गोलकीपर सविता ने इन्हें विफल कर दिया। भारतीय टीम को भी 11वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिला पर टीम उसका लाभ नहीं उठा पायी। वहीं दूसरे क्वार्टर में तीन मिनट बाद रानी को एक और अवसर मिला जब अनुभवी वंदना कटारिया ने उनकी मदद की पर भारतीय टीम की कप्तान अर्जेंटीना के डिफेंस को तोड़ नहीं पायी।

## ऑस्ट्रेलियाई ओपन की तैयारी के टूनार्मेंट में सेरेना की आसान जीत

मेलबर्न ■ एजेंसी

काफी समय से अपने 24वें ग्रैंडस्लैम एकल खिताब का इंतजार कर रही सेरेना विलियम्स ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन की तैयारी के लिए खेले जा रहे टूनार्मेंट के पहले दौर में डारिया गावरिलोवा को 6-1, 6-4 से हराया। सेरेना ने 2017 ऑस्ट्रेलियाई ओपन के बाद से कोई ग्रैंडस्लैम नहीं जीता है और वह उनका 23वां एकल खिताब था। वह 24 ग्रैंडस्लैम एकल खिताब के मार्गरेट कोर्ट के रिकार्ड की बराबरी की दहलीज पर है। इससे पहले अमेरिका की ही कोको गॉ को डब्ल्यूटीए गिप्सलैंड ट्रॉफी टेनिस टूनार्मेंट के पहले दौर में जीत के लिए काफी संघर्ष करना पड़ा। गॉ ने जिल टेइकमैन को 6-3, 4-7, 7-6 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। इसी टूनार्मेंट के एक अन्य मैच में आस्ट्रेलिया की डेस्टानी एयावा ने क्लोए पाकेत को 6-1, 4-6, 6-4 से मात दी। ऑस्ट्रेलियाई ओपन आठ फरवरी से शुरू होगा। कोरोना महामारी संबंधी पृथकवास प्रोटोकॉल के कारण इसे तीन सप्ताह देरी से शुरू किया जा रहा है।



इससे पहले छह टूनार्मेंट अभ्यास के लिये होने हैं जिनमें सबसे बड़ा एटीपी कप टीम पुरूष टेनिस टूनार्मेंट है जो मंगलवार से खेला जाएगा। इनके अलावा ग्रेट ओशन रोड ओपन और मर्रे रिवर ओपन भी खेले जाने हैं। महिलाओं के लिए गिप्सलैंड ट्रॉफी के अलावा यारा वैली क्लासिक और ग्राम्पियंस ट्रॉफी भी है। यारा रिवर क्लासिक में अनास्तासिया पी ने जापान की मिसाकी दोइ को 6-1, 6-4 से हराया। अमेरिका की डेनियेले कोलिंस ने नीना स्टोयानोविच को 6-2, 6-1 से मात दी। वहीं सातवीं वरीयता प्राप्त पेट्रा मार्टिच ने वेरा लापको को 4-6, 6-3, 6-2 से हराया।

फायदा — ऑटो कंपनियों के लिए नए साल की शुरूआत अच्छी रही

## मारुति सुजुकी, टाटा मोटर्स, हुंदै की बिक्री बढ़ी

नयी दिल्ली ■ एजेंसी

ऑटो कंपनियों के लिए नए साल की शुरूआत अच्छी रही और जनवरी 2021 में मारुति सुजुकी इंडिया की बिक्री 4.3 प्रतिशत, हुंदै की बिक्री 16 प्रतिशत और टाटा मोटर्स की बिक्री 25 प्रतिशत बढ़ी, हालांकि इस दौरान महिंद्रा एंड महिंद्रा (एमएंडएम) की बिक्री 25 प्रतिशत घट गई। देश की सबसे बड़ी कार विनिमार्ता मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) ने बताया कि जनवरी में उसकी कुल बिक्री 4.3 प्रतिशत बढ़कर 1,60,752 इकाई हो गई। कंपनी ने एक साल पहले की समान अवधि में 1,54,123 इकाइयां बेची थीं।

एमएसआई ने एक बयान में बताया कि इस दौरान घरेलू बिक्री 2.6 प्रतिशत बढ़कर 1,48,307 इकाई हो गई, जो जनवरी 2020 में 1,44,499 इकाई थी। कंपनी ने बताया कि जनवरी में निर्यात 29.3 प्रतिशत बढ़कर 12,445 इकाई हो गया, जो इससे पिछले साल की समान अवधि में 9,624 इकाई था। हुंदै मोटर इंडिया लिमिटेड (एचएमआईएल) ने



बताया कि जनवरी में उसकी कुल बिक्री 15.6 प्रतिशत बढ़कर 60,105 इकाई रही। कंपनी ने पिछले साल की समान अवधि में 52,002 इकाइयों की बिक्री की थी। कंपनी ने बताया कि जनवरी 2020 में उसकी घरेलू बिक्री 23.8 प्रतिशत बढ़कर 52,005 इकाई रही, जो एक साल पहले की समान अवधि में 42,002 इकाई थी। हालांकि इस दौरान उसके निर्यात में करीब 19 प्रतिशत की कमी आई। टाटा मोटर्स ने बताया कि जनवरी 2020 में उसकी कुल बिक्री 25.27 प्रतिशत बढ़कर 59,959 इकाई हो गई। कंपनी ने पिछले साल की समान अवधि में 47,862 इकाइयां बेची थीं। टाटा मोटर्स ने एक बयान में बताया कि समीक्षाधीन अवधि में उसकी घरेलू 28 प्रतिशत बढ़कर 57,742 हो गई, जो पिछले साल की समान अवधि में 45,242 इकाई थी। कंपनी ने बताया कि समीक्षाधीन अवधि में उसकी यात्री गाड़ियों की बिक्री 94 प्रतिशत बढ़कर 26,978 इकाई हो गई, जो इससे पिछले साल की समान अवधि में 13,894 इकाई थी। कंपनी ने बताया कि इस दौरान उसके वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री तीन प्रतिशत घटी। रॉयल एनफील्ड की बिक्री जनवरी में आठ प्रतिशत बढ़कर 68,887 इकाई हो गई। कंपनी ने बताया कि पिछले साल इसी महीने में उसने 63,520 इकाइयों की बिक्री की थी। होंडा कारों की बिक्री जनवरी 2021 में दोगुनी होकर 11,319 इकाई पर पहुंच गई। होंडा कार्स इंडिया लिमिटेड (एचसीआईएल) ने सोमवार को बताया कि जनवरी 2020 में उसकी बिक्री 5,299 इकाई थी। समीक्षाधीन अवधि में टीवीएस मोटर्स की बिक्री 31 प्रतिशत बढ़कर 3,07,149 इकाई हो गई। इस दौरान कंपनी के दोपहिया वाहनों की बिक्री 34 प्रतिशत और कुल निर्यात 43 प्रतिशत बढ़ा। महिंद्रा एंड महिंद्रा (एमएंडएम) ने बताया कि जनवरी 2021 में उसकी कुल बिक्री में 25 प्रतिशत की गिरावट आई है और यह 39,149 इकाई रही। कंपनी ने पिछले साल की समान अवधि में 52,546 इकाइयों की बिक्री की थी। इस दौरान कंपनी के यात्री वाहनों की बिक्री में चार प्रतिशत और निर्यात में 30 प्रतिशत का इजाफा हुआ। हालांकि, वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री में 47.62 प्रतिशत की कमी हुई। सोनालिका ट्रैक्टर्स ने एक बयान में बताया कि उसके ट्रैक्टर की बिक्री जनवरी 2021 में 40 प्रतिशत बढ़कर 10,158 इकाई हो गई, जो जनवरी 2020 में 7,220 इकाई थी। इस दौरान घरेलू बाजार में 46 प्रतिशत बढ़ोतरी हुई। इसी तरह अशोक लीलैंड की बिक्री 11 प्रतिशत बढ़कर 13,126 इकाई हो गई, जो पिछले साल की समान अवधि में 12,359 इकाई थी। एस्कॉर्ट्स ट्रैक्टर की बिक्री 48.8 प्रतिशत बढ़कर 9,021 इकाई हो गई, जो जनवरी 2020 में 6,063 इकाई थी।

## सोना, चांदी पर सीमा शुल्क घटाने का रत्न-आभूषण उद्योग ने किया स्वागत

मुंबई ■ एजेंसी

रत्न एवं आभूषण उद्योग ने बजट में सोना व चांदी समेत कीमती धातुओं पर आयात शुल्क घटाने के सरकार के निर्णय का सोमवार को स्वागत किया। उद्योग जगत ने कहा कि यह निर्णय रत्न एवं आभूषण क्षेत्र को बढ़ावा देगा तथा वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनने में मदद करेगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट में सोना व चांदी पर सीमा शुल्क को तार्किक बनाते हुए मौजूदा 12.5 प्रतिशत से घटाकर 7.5 प्रतिशत करने का प्रस्ताव किया है। इसी तरह सोने के डोर बार पर शुल्क को 11.85 प्रतिशत से घटाकर 6.9 प्रतिशत, चांदी के डोर बार पर 11 प्रतिशत से घटाकर 6.1 प्रतिशत, प्लैटिनम पर 12.5 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत, सोना-चांदी के फाईंडिंग पर 20 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत और कीमती धातुओं के सिक्कों पर 12.5 प्रतिशम से घटाकर 10 प्रतिशत कर दिया गया है।

हालांकि सोना, चांदी, सोने के डोर बार और चांदी के डोर बार पर 2.5 प्रतिशत की दर से कृषि बुनियादी संरचना एवं विकास उपकर भी लगेगा। विश्व स्वर्ण परिषद के प्रबंध निदेशक (भारत) सोमासुंदरम पीआर ने कहा, कुल मिलाकर बजट उद्योग के लिये सकारात्मक परिणाम लाने



वाला है। सोना पर आयात शुल्क को घटाना स्वागतयोग्य कदम है। उम्मीद करते हैं यह कीमती धातुओं पर शुल्क घटाने की श्रृंखला का पहला कदम है।

उन्होंने कहा कि यह संगठित तथा अनुपालन करने वाली कंपनियों के लिये बेहद जरूरी राहत है। एक संगठित व्यापार बाजार के लिये तार्किक शुल्क संरचना और सरल प्रक्रियाएं मूलभूत आवश्यकताएं हैं। ऑल इंडिया जेम एंड ज्वेलरी डोमेस्टिक काउंसिल के चेयरमैन अशीष पेठे ने कहा कि आभूषण उद्योग सोना-चांदी पर आयात शुल्क कम करने के लिये वित्त मंत्रालय का आभारी है। उन्होंने कहा, यह सरकार का स्वागतयोग्य निर्णय है और इससे सराफा कारोबारियों के साथ ही अंतिम उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिलने वाली है।

# एक नजर...

## जनभागीदारी से स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाया जा सकता है : संभाग आयुक्त श्री सक्सेना

ग्वालियर। जनभागीदारी से स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर और जन उपयोगी बनाया जा सकता है। सामाजिक संगठन और समाज हित में कार्य करने वाले व्यक्ति इसके लिये आगे आएँ। इससे समाज को नई प्रेरणा मिलेगी। इस आशय के उदगार संभाग आयुक्त श्री आशीष सक्सेना ने सरकारी अस्पतालों के कायाकल्प के उद्देश्य से शुरू किए गए एक सामाजिक पहल अभियान की रूपरेखा को लेकर आयोजित हुई बैठक में व्यक्त किए। इस अभियान के तहत संभाग आयुक्त के प्रतिनिधि के रूप में अपर कलेक्टर श्री आशीष तिवारी हर सोमवार को समाजसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ सरकारी अस्पताल के कायाकल्प के लिये पहुँचेंगे। जीआर मेडीकल कॉलेज के ऑडिटोरियम में आयोजित हुई इस बैठक में कमिश्नर श्री सक्सेना ने कहा कि समाज की भागीदारी से अस्पतालों को साफ-सुथरा एवं स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिये सामाजिक पहल नाम से इस वृहद अभियान की शुरूआत की जा रही है। इसमें सामाजिक संगठन प्रत्येक सोमवार को अस्पताल की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिये पहुँचेंगे। सामाजिक संगठन सोमवार के दिन अस्पताल के कामकाज को बेहतर बनाने में मदद करने के साथ-साथ स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ाने में भी योगदान देंगे। श्री सक्सेना ने बैठक में मौजूद सामाजिक संस्थाओं का आह्वान किया कि वे इस अभियान के लिये अपना पंजीयन कराएँ। संभाग आयुक्त की पहल पर आगामी 26 सोमवार तक अपनी सेवायें देने के लिये सामाजिक संस्थाओं ने स्वैच्छिक पंजीयन करा लिया है। सामाजिक संगठनों के सहयोग से अस्पताल परिसर में साफ-सफाई, पार्किंग व्यवस्था, बाग-बगीचों का रख-रखाव, कोविड गाइडलाइन का पालन, प्रकाश व्यवस्था, संकेतकों का सही स्थानों पर प्रदर्शन, पेयजल एवं शौचालयों की उचित व्यवस्था, मरीजों को जल्द से जल्द चिकित्सा सुविधा दिलाना, बायोमेडीकल कचरे का उचित प्रबंधन, चिकित्सक एवं पैरामेडीकल स्टाफ की समय पर उपस्थिति, दवाओं की उपलब्धता, लाभान्वितों को समय-सीमा में भुगतान इत्यादि काम कराए जायेंगे। अस्पतालों की कायाकल्प के लिये शासन से प्राप्त बजट, रेडक्रॉस, रोगी कल्याण मद, विभिन्न विभागों से प्राप्त धनराशि, स्वयंसेवी संस्थाओं व जनभागीदारी, आयुष्मान योजना की प्रतिपूर्ति इत्यादि संसाधनों से धनराशि जुटाई जायेगी। संभाग आयुक्त श्री सक्सेना की अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक में मेडीकल कॉलेज के डीन डॉ. एस एन अयंगर, अपर जिला दण्डाधिकारी श्री आशीष तिवारी एवं जेएएच के अधीक्षक डॉ. आर के एस धाकड़ तथा विभिन्न समाजसेवी संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री धर्मेन्द्र दीक्षित ने किया।

## जल जीवन की 39 जलप्रदाय योजनाओं से 64.51 लाख ग्रामीण आबादी होगी लाभान्वित 6091 ग्रामों में 13.36 लाख नल कनेक्शन

ग्वालियर। जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जल निगम 39 जलप्रदाय योजनाओं के निर्माण का कार्य कर रहा है, जिसमें 6091 ग्राम शामिल हैं। इन योजनाओं में 13 लाख 36 हजार 366 नल कनेक्शन का प्रावधान है, जिससे 64 लाख 51 हजार 393 ग्रामीण आबादी को लाभ मिलेगा। इन योजनाओं की कुल लागत 2661.64 करोड़ है। परियोजना क्रियान्वयन इकाई भोपाल, इन्दौर, ग्वालियर, जबलपुर, राजगढ़, निवाड़ी, पन्ना, दमोह, सिवनी, शहड़ोल तथा सतना के अन्तर्गत ग्रामीण आबादी के लिए तैयार हो रही इन 39 जलप्रदाय योजनाओं में विदिशा जिले के 105 ग्राम, रायसेन के 81 ग्राम, सीहोर के 41 ग्राम, खण्डवा के 28 ग्राम, धार के 60 ग्राम, उज्जैन के 22 ग्राम, रतलाम के 14 ग्राम, मुरैना के 22, दतिया के 85 ग्राम, शिवपुरी के 32 ग्राम, जबलपुर के 193 ग्राम, नरसिंहपुर के 50 ग्राम,सिवनी के 783 ग्राम, उमरिया के 113 ग्राम, कटनी के 128 ग्राम, राजगढ़ के 1294 ग्राम, टीकमगढ़ के 226 ग्राम, पन्ना के 276 ग्राम, छतरपुर के 240 ग्राम, दमोह के 702 ग्राम, सागर के 232 ग्राम, सीधी के 31 ग्राम, अनूपपुर के 74 ग्राम, शहड़ोल के 155 ग्राम, सतना के 1019 ग्राम तथा रीवा जिले के 109 ग्राम शामिल हैं। राज्य सरकार पूरी तत्परता और गम्भीरता के साथ यह प्रयास कर रही है कि शहरों की भाँति ग्रामीण आबादी को भी उनकी उपयोगिता के अनुसार घर पर ही नल कनेक्शन के जरिये जल की प्राप्ति हो। राष्ट्रीय जल जीवन मिशन से प्रदेश में इस कार्य को और गति मिली है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग तथा जल निगम प्रत्येक जिले के हर ग्राम और परिवार तक नल कनेक्शन के माध्यम से जल पहुँचाने की कार्यवाही कर रहा है। जहाँ जलस्त्रोत हैं वहाँ उन्हीं के उपयोग से और जहाँ नहीं हैं वहाँ जलस्त्रोत का निर्माण कर जल प्रदाय योजनायें बनायी जा रहीं हैं।

## किसानों के साथ धोखाधड़ी करने वालों की सम्पत्ति जब्त कर राशि दिलाने पर मुख्यमंत्री ने की कलेक्टर की प्रशंसा

ग्वालियर। किसानों के साथ धोखाधड़ी करने वालों की सम्पत्ति जब्त कर किसानों को उनकी उपज का दाम दिलाने पर ग्वालियर कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह को मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने बधाई दी है। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने समाधान ऑनलाइन के दौरान ग्वालियर के एक कृषक से चर्चा करते हुए ग्वालियर प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई की प्रशंसा की। उन्होंने प्रदेश के अन्य जिला कलेक्टरों को भी किसानों के साथ धोखाधड़ी करने वाले लोगों की सम्पत्ति जब्त कर किसानों को उनका हक दिलाने के निर्देश भी दिए। मंगलवार को समाधान ऑनलाइन के दौरान भितरवार विकासखण्ड के ग्राम पंचायत ककरघा के कृषक श्री उदित कुशवाह से मुख्यमंत्री ने चर्चा की। सीएम हैल्पलाइन में कृषक श्री उदय कुशवाह द्वारा शिकायत दर्ज की गई थी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने जब कृषक उदित कुशवाह से चर्चा की तो उन्होंने बताया कि दो साल पहले गेहूँ की उपज विक्रय करने के एवज में उसे राशि प्राप्त नहीं हुई थी। दो साल के बाद अब उसे पूरी राशि प्राप्त हो गई है। कृषक ने यह भी बताया कि उसके साथ-साथ अन्य 34 लोगों की राशि भी प्राप्त हो चुकी है। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने मुख्यमंत्री को विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि दो वर्ष पूर्व ग्राम पंचायत ककरघा के 34 किसानों द्वारा गेहूँ विक्रय करने के पश्चात उन्हें राशि प्रदान नहीं की गई थी। समिति प्रबंधक एवं अन्य कुछ लोगों द्वारा राशि अपने खाते में जमा करा ली गई थी। घटना की जानकारी मिलने पर सभी आरोपियों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तारी की गई। इसके पश्चात आरोपी के ट्रेक्टर को जब्त कर नीलाम किया गया और उसकी राशि किसानों को प्रदाय कराई गई। इसके पश्चात भी किसानों की राशि शेष बचने पर आरोपियों की जमीन राजसात कर बैंक में रखी गई। जिसके एवज में बैंक के माध्यम से किसानों को उनकी सम्पूर्ण राशि का भुगतान कराया गया है। कलेक्टर श्री सिंह ने यह भी बताया कि राजसात की गई जमीन को भी नीलाम कर राशि बैंक को प्रदाय करने की कार्रवाई की जा रही है। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने पूरी बात सुनने के पश्चात कलेक्टर को अच्छी कार्रवाई के लिये बधाई दी और अन्य जिलों में भी कृषकों की राशि हड़पने वालों के विरूद्ध इसी प्रकार की कठोर कार्रवाई करने की बात भी कही। ग्वालियर में समाधान ऑनलाइन के दौरान संभागीय आयुक्त श्री आशीष सक्सेना, आईजी श्री अविनाश शर्मा, डीआईजी श्री सचिन अतुलकर, कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री अमित सांघी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री किशोर कान्याल, डीएफओ, अपर कलेक्टर श्री आशीष तिवारी, एडीएम श्री रिंकेश वैश्य सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# नगर निगम आयुक्त ने किया स्वच्छता का निरीक्षण



ग्वालियर – नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा ने आज सुबह रेलवे स्टेशन से थीम रोड, कमला राजा गर्ल्स कॉलेज, नेहरू पार्क, रॉक्सी पुल, विक्टोरिया मार्केट, सराफा बाजार से गस्त का ताजिया, शिंदे की छावनी से रेलवे स्टेशनए गोला का मंदिर होते हुए मुरार चैराहे तक का निरीक्षण किया तथा क्षेत्र में जहां जहां गंदगी मिली साफ सफाई कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही महाराज बाडे पर सड़क पर कड़ाही रखकर नाश्ता तैयार कर रहे दुकानदार के खिलाफ जुर्माना लगाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उसका सामान एवं नास्ता हटवाया गया। निगमायुक्त वर्मा ने वार्ड क्रमांक 30 में कचरा संग्रहण गाड़ी पर स्वच्छता का गाना नहीं बनाए जाने पर वाहन चालक को गाना चलाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही होटल तानसेन के सामने स्थित माननीय जिला न्यायाधीश के आवास के पास से होटल सेंट्रल पार्क सिटी सेंटर की तरफ अव्यवस्थित गैंट्री का पुराना स्ट्रक्चर हटाए जाने हेतु अधीक्षण यंत्री प्रदीप चतुर्वेदी को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान सड़क निर्माण के दौरान सीमेंट एवं डम्बर पर बिछाए जाने अर्थात डाम्बर व सीमेंट के छींटे पड़ने से डिवाइडर का पेंट खराब हो जाता है, जिसे निर्माणकर्ता ठेकेदार द्वारा ही ठीक कराए जाने के निर्देश प्रदीप चतुर्वेदी को दिए। निरीक्षण के दौरान विक्टोरिया मार्केट के पास स्थित देशी अहाता के आसपास गंदगी होने पर दुकान मालिक से साफ सफाई कराई तथा वार्ड मॉनिटर से जुर्माने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जयेंद्रगंज में आईटीएमएस द्वारा कराए जा रहे खुदाई कार्य के संबंध में जनकार्य विभाग द्वारा कराए जाने वाले निर्माण कार्यों के संबंध में कार्य स्थलों पर सुरक्षात्मक उपकरण एवं दिशा निर्देश आवश्यक रूप से लगाए जाने के निर्देश अधीक्षण यंत्री प्रदीप चतुर्वेदी को दिए। निरीक्षण के दौरान मोतीपैलेस की दीवार पर वॉल पेंटिंग कराए जाने के निर्देश प्रेम कुमार पचैरी मुख्य समन्वयक अधिकारी को दिए। कालपी ब्रिज पर एकत्रित कचरे के ढेर को हटाए जाने के निर्देश पर एसबीएम मॉनिटर श्री महेश पाराशर को दिए। इसके साथ ही मुरार शासकीय अस्पताल के आसपास साफ.सफाई कराए जाने एवं वॉल पेंटिंग कराए जाने के निर्देश क्षेत्राधिकारी अजय शर्मा को दिए गए। निरीक्षण के दौरान अधीक्षण यंत्री प्रदीप चतुर्वेदी, मुख्य समन्वयक अधिकारी प्रेम पचैरी, मुख्य समन्वयक अधिकारी सुरेश अहिरवार एवं उपायुक्त एपीएस भदौरिया सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# ईमानदार व्यापारी को प्रताड़ित नहीं होने देंगे : डॉ. प्रभुराम चौधरी

### कैट के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात में कहा

ग्वालियर। मध्यप्रदेश शासन के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने कहा कि किसी भी ईमानदार व्यापारी को अधिकारी प्रताड़ित ना करें। हमने इस बात का ध्यान रखा है कि मिलावट के खिलाफ चल रहे अभियान में नागरिकों की जान की सुरक्षा शासन का दायित्व है। किन्तु ईमानदार व्यापारी भयमुक्त वातावरण में व्यापार करे, इसकी जिम्मेदारी भी अधिकारियों की ही है। उन्होंने व्यापारियों से कहा है कि चलित मोबाइल के माध्यम से अपने सेम्पल की जांच करा सकते हैं अथवा जो सामग्री आप क्रय कर रहे हैं उस सामग्री की भी जांच करा सकते हैं। उन्होंने नीमच के खाद्य सुरक्षा अधिकारी को अविलम्ब स्थानान्तरण करके उसे रिलीव किया और प्रदेश के सभी लोगों को यह संदेश देने की कोशिश की है कि व्यापारियों के साथ अन्याय ना किया जाये। आज उनके निवास पर कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) मध्यप्रदेश के प्रतिनिधिमंडल ने चर्चा की। कैट मध्यप्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र जैन, संयुक्त अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, उपाध्यक्ष सुनील जैन 501, भोपाल संभाग अध्यक्ष मुरली हरवानी (मनोहर डेयरी), ग्वालियर दाल बाजार संयोजक दिलीप पंजवानी, भोपाल कैट अध्यक्ष रामबाबू शर्मा, कैट नीमच के अध्यक्ष दीपक असनानी, प्रदीप पाराशर, मनीष भार्गव, अविचल जैन आदि



ने मध्यप्रदेश में व्यापारियों के साथ की जा रही चार सौ बीसी, रासुका जैसी कडी कार्यवाहियों की जानकारी दी और बताया कि खाद्य कानून की भावना के अनुसार जो अवसर हमें मिलना चाहिए था, वो प्राप्त नहीं हो रहा है। और सेम्पल की जांच रिपोर्ट आने से पहले ही व्यापारी को अपराधी बनाकर उसके खिलाफ कार्यवाही प्रस्तावित कर दी जाती है और चार सौ बीसी का मुकदमा दर्ज कर दिया जाता है जो कि प्राकृतिक न्याय के विरुद्ध है एवं कानून की भावना के खिलाफ है।

## विद्युत मांग और उपलब्धता का आंकलन करने ऊर्जा विभाग और टेरी के बीच एमओयू

ग्वालियर। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर की उपस्थिति में ऊर्जा विभाग एवं द एजर्नी एंड रिसोर्सेज इंस्टिट्यूट (टेरी), जो कि एक नॉन-प्रॉफिट अनुसंधान संस्थान है, के बीच एमओयू किया गया है। एमओयू में प्रमुख सचिव ऊर्जा श्री संजय दुबे और डायरेक्टर टेरी श्री ए.के. सक्सेना ने हस्ताक्षर किये। एमओयू के तहत टेरी द्वारा बिना किसी परामर्श शुल्क के मध्यप्रदेश की विद्युत मांग एवं उपलब्धता का ऑकलन कर भविष्य के लिए रूपरेखा तैयार की जायेगी। इस अध्ययन के अंतर्गत टेरी द्वारा पारंपरिक तथा नवकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों की उपलब्धता के अनुसार विभिन्न परिदृश्यों का विकास किया जायेगा, जिससे सबसे कम लागत पर विद्युत आपूर्ति की जा सके। टेरी द्वारा अनिश्चित प्रकृति की नवकरणीय ऊर्जा को ग्रिड से जोड़ने के लिए योजना तैयार की जायेगी। राज्य में विद्युत आधिक्य की स्थिति है तथापि विद्युत की शीर्ष मांग की पूर्ति एक चुनौती रहेगी। टेरी द्वारा अपने अध्ययन में शीर्ष मांग की पूर्ति के लिए विभिन्न विकल्प दिए जायेंगे। इससे भविष्य में विद्युत आपूर्ति की विश्वसनीयता बढ़ेगी तथा लागत में कमी आयेगी। यह राज्य के विद्युत उपभोक्ताओं के लिए लाभकारी होगा।

### मध्यप्रदेश राज्य रूपंकर कला पुरस्कार प्रदर्शनी–2021

## कलाकृतियाँ जमा करने की अंतिम तिथि 10 फरवरी

ग्वालियर। उस्ताद अलाउद्दीन खाँ संगीत एवं कला अकादमी, मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद्, भोपाल द्वारा मध्यप्रदेश राज्य रूपंकर कला पुरस्कार प्रदर्शनी-2021 का आयोजन किया जा रहा है। अकादमी द्वारा मध्यप्रदेश के ख्यातिलब्ध कलाकारों के नाम से स्थापित रूपंकर एवं ललित कलाओं के दस पुरस्कारों के लिए कलाकृतियाँ आमंत्रित की गई हैं। प्रत्येक पुरस्कार की राशि 51 हजार रूपये होगी। कलाकृतियों के साथ प्रदर्शनी में प्रवेश शुल्क दो सौ रूपये नगद जमा करना होंगे। कलाकृतियाँ जमा करने की अंतिम तिथि 10 फरवरी 2021 निर्धारित की गई है। प्रदर्शनी में तीन कलाकृतियाँ मान्य की जायेगी तथा इसमें 25 से 55 वर्ष तक की आयु के कलाकार भाग ले सकेंगे। जनवरी 2019 के बाद सृजित कलाकारों की मौलिक कलाकृतियाँ मान्य की जायेंगी। कला प्रदर्शनी की विवरणिका शा. ललित कला महाविद्यालय, जबलपुर, धार, खण्डवा, इन्दौर, ग्वालियर, कालिदास अकादमी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती हैं। कलाकृतियाँ उस्ताद अलाउद्दीन खाँ संगीत एवं कला अकादमी रवीन्द्रनाथ ठाकुर मार्ग, बाणगंगा चौराहा, भोपाल एवं ललित कला अकादमी, जबलपुर, ग्वालियर, इन्दौर में 10 फरवरी 2021 को 5 बजे तक जमा होंगी। इसके पश्चात् प्राप्त होने वाली कलाकृतियाँ स्वीकार नहीं की जायेंगी।

# शिविर में हितग्राहियों को बताया कि कैसे बनें डिजीटल

ग्वालियर- नगर निगम ग्वालियर द्वारा बाल भवन सिटी सेंटर ग्वालियर में एक सप्ताह का स्वनिधि से समृद्धि की ओर शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के दूसरे दिन आज 385 से अधिक हितग्राहियों ने उपस्थित होकर दस्तावेजों की जानकारी दी। शिविर में निगम के कर्मचारियों को बताया गया कि वह किस प्रकार से डिजीटल बन सकते हैं तथा डिजीटल बनने के कितने फायदे हैं। उपायुक्त डॉ. प्रदीप श्रीवास्तव ने बताया कि शिविर में नगर निगम, ग्वालियर के कर्मचारी अधिकारी के अतिरिक्त श्रम विभाग, जिला अपूर्ति विभाग, बैंकर्स, सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण, जिला शहरी विकास अभिकरण, महिला एवं बाल विकास विभाग आदि कर्मचारी एवं अधिकारी उपस्थित हुये। उनके द्वारा नगर निगम सीमा क्षेत्र अन्तर्गत हितग्राहियों को उपरोक्त योजनान्तर्गत लाभांवित किया गया एवं चयनित हितग्राहियों का सोशल इकोनोमिक प्रोफाइलिंग का कार्य कराया गया। पायुक्त डॉ. प्रदीप श्रीवास्तव द्वारा बताया गया कि माह के प्रथम सप्ताह में 01 फवरी से 06 फरवरी तक बाल भवन में लगने वाले कैम्प में पथ विक्रेता साथियों के लिए भारत सरकार की कई महत्वपूर्ण योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, एक राष्ट्र एक राशनकार्ड योजना, जननी सुरक्षा योजना एवं अन्य योजनाओं का लाभ दिया जावेगा। एक राष्ट्र एक राशनकार्ड योजना का लाभ जिन हितग्राहियों का प्राप्त होगा वे भारत में कही भी रहकर कही भी सस्ते दरों पर राशन प्राप्त कर सकेंगे एवं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना से जुड़े लोगो को कम दरों पर बीमा किया जावेगा एवं इन योजनाओं से हितग्राही के परिवारजनों को भी लाभांवित किया जावेगा।




## कर्मचारी संगठनों ने निगमायुक्त का किया आभार व्यक्त



ग्वालियर – ग्वालियर नगर निगम के सफाई कर्मचारियों को 20-25 वर्ष बाद 1 तारीख को वेतन मिल जाने पर आज भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चे के जिला महामंत्री संतोष गोड़याले के नेतृत्व में नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा का पुष्प गुच्छ देकर सम्मान किया गया। गोडयाले ने बताया कि निगम आयुक्त वर्मा के अथक प्रयासों से ये संभव हो पाया है। निगम आयुक्त ने प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप कार्य किया है। सभी कार्यकर्ताओं ने निगम आयुक्त का आभार व्यक्त किया है। आभार व्यक्त करने वालो में संतोष गोड़याले, रवि रागोड़ी, राजेश थनवार, सचिन खत्री, शिवा टांक, अमर चैहान आदि उपस्थित थे।

प्रो.- विपिन सिंह तोमर
(संचालक सौम्या प्रापर्टी डीलर)
मो.-9301759475
9713253992
मेल- vipintomar172@gmail.com
सौम्या प्रोपर्टी डीलर
आवासीय भूमि (प्लॉट, फ्लैट, मकान, बंगला, खरीदने, बेचने व किराये) पर लेने देने के लिये सम्पर्क करें
ग्वालियर शहर में प्रोपर्टी खरीदने व बेंचने के लिये सम्पर्क करें
पता- दुकान न. 3/4 तोमर मार्केट, गायत्री मंदिर वाली गली, पिंटो पार्क, ग्वा.

PTV NEWS INDIA
प्रतिभा हम निखारेंगे
PUSHPANJALI TODAY न्यूज़ नई सोच नई पहल
अगर आपके अंदर है कोई जज्बा तो उभर कर आइये आगे आपकी लिखी हुई कहानी, लेख, कविताओं को हम देंगे जगह आपके अंदर की प्रतिभा को हम उभारेंगे।
तो देर किस बात की हमे भेजें अपनी कविता, लेख, कहानियां फिर देश की आर्थिक स्थिति या फिर स्वच्छता के ऊपर अपने विचार
आप हमें व्हाट्सप या मेल भी कर सकते हैं
हमारा उद्देश्य भारत में छिपी प्रतिभाओं को बाहर निकालना।
Whatsapp :- 9425665944,7999246560, 9691270207
gmail - pushpanjalitoday@gmail.com
नोट - व्हाट्सएप या मेल करते समय ध्यान रखे भेजने वाला व्यक्ति अपनी फोटो ओर नाम/ पता / अवश्य भेंजे

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 निअर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478